शनिवार, 8 मार्च 2025

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष नवमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 33 – 22 |
| आर्द्रता | 76% |
| सूर्योदय: 5:51 | सूर्यास्त: 17:43 |





बलात्कार और हिंसा पर कब टूटेगी समाज की चुप्पी? –पृष्ठ 2

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर


सुविचार : सच्चा प्रयास कभी निष्फल नहीं होता।


RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


## रुपया 17 पैसे की तेजी के साथ 86.95 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे उछलकर 86.95 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर सूचकांक के अपने पांच महीने के निचले स्तर पर आने तथा मांग में नरमी के अनुमान के कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये में तेजी आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, घरेलू शेयर बाजार में अस्थिरता की धारणा और विदेशी कोषों की सतत निकासी से घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा।

### ट्रंप से चोट खाकर चीन को याद आई भारत की दोस्ती, कहा

# 'ड्रैगन-हाथी मिलकर दुनिया बदल सकते हैं'



**नई दिल्ली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'टैरिफ प्रेम' से दुनियाभर में भारी तनाव है। दो अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने के ट्रंप के बयान ने हड़कंप मचा दिया है। इस बीच चीन ने भारत के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन और भारत को ऐसे साझेदार होना चाहिए जो एक दूसरे की सफलता में योगदान दें। ड्रैगन और हाथी की कदमताल ही दोनों देशों के लिए सही विकल्प होगा। चीन ने कहा कि एक दूसरे के राह में रोड़े अटकाने के बजाए हमें एक दूसरे को आगे बढ़ने में सहयोग करना चाहिए। एक दूसरे के साथ मिलकर काम करना होगा। ऐसा करके ही दोनों देशों और उनके लोगों के हितों को साधा जा सकता है। चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि जब चीन और भारत हाथ मिलाते हैं तो अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में अधिक खुलापन आता है और ग्लोबल साउथ के और मजबूत होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसे बातचीत से सुलझाया नहीं जा सकता और बिना सहयोग के किसी भी लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। दोनों देश मिलकर दुनिया को और बेहतर कर सकते हैं।बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बोल्ड फैसलों के बीच दुनियाभर में ट्रेड वॉर का आगाज हो गया है। ट्रंप ने कनाडा, मेक्सिको और चीन पर टैरिफ लगा दिया है। हालांकि, मेक्सिको को इससे कुछ समय के लिए राहत दी गई है। कनाडा को भी कुछ आंशिक राहत दी गई है।

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा दावा–
## अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क में कटौती के लिए भारत तैयार

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत अमेरिका से आयात किए गए सामानों पर भारी शुल्क (टैरिफ) वसूलता है, जिससे अमेरिकी उत्पादों को भारत में बेचने में कठिनाई होती है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि भारत अपने व्यापारिक व्यवहार के कारण अमेरिका को बहुत अधिक नुकसान पहुंचा रहा है। इसके साथ ही, ट्रंप ने यह भी कहा कि अब भारत ने इस पर ध्यान दिया है और वे अपने शुल्क को काफी कम करने के लिए तैयार हैं।

## ईपीआईसी क्रमांक के दोहराव के मुद्दे का समाधान तीन महीने में किया जाएगा : निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** मतदाता पहचान पत्र क्रमांक के दो–हराव के मामले में लीपापोती के आरोपों के बीच भारत निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले तीन महीनों के भीतर 'दशकों से लंबित' मामले का समाधान करेगा। आयोग ने एक बयान में कहा कि भारत की मतदाता सूची 99 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदात–ाओं के साथ दुनिया भर में मतदात–ाओं का सबसे बड़ा डेटाबेस है। उसने कहा कि जहां तक मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) क्रमांक के दोहराव के मुद्दे का संबंध है, आयोग ने पहले ही मामले का संज्ञान ले लिया है। ईपीआईसी नंबर के बावजूद, एक मतदाता जो किसी विशेष मतदान केंद्र की मतदाता सूची से जुड़ा हुआ है, वह केवल उस मतदान केंद्र पर ही अपना वोट डाल सकता है, कहीं और नहीं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने अब अगले तीन महीनों में तकनीकी टीम और संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के बीच विस्तृत चर्चा के बाद ईपीआईसी संख्या के दोहराव वाले मौजूदा मतदाताओं के लिए 'विशिष्ट राष्ट्रीय ईपीआईसी नंबर' सुनिश्चित करके इस लंबे समय से लंबित मुद्दे को हल करने का निर्णय लिया है। उसके अनुसार, नई प्रणाली भविष्य के मतदाताओं के लिए भी लागू होगी। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस ने विभिन्न राज्यों में मतदाता पहचान पत्र संख्या के दोहराव के मुद्दे को उठाया था और निर्वाचन आयोग पर मामले को ढकने का आरोप लगाया था। निर्वाचन अधिकारी द्वारा साझा किए गए आंकड़ों से पता चला कि देश भर में, महाराष्ट्र में 89 प्रथम–स्तरीय अपीलें और एक द्वितीय–स्तरीय अपील की गई, तथा किसी अन्य राज्य में ऐसा नहीं किया गया। निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल में कोई अपील दायर नहीं की गई।

### निर्वाचन आयोग ने अंतत: 'दोष' स्वीकार कर लिया है : तृणमूल कांग्रेस

तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने आखिरकार अपना दोष स्वीकार कर लिया है। तृणमूल कांग्रेस की यह टिप्पणी मतदाता पहचान पत्र क्रमांक के दोहराव के मुद्दे पर निर्वाचन आयोग द्वारा दूसरा बयान जारी किये जाने के बाद आयी। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले ने निर्वाचन आयोग द्वारा एक बयान जारी करने के तुरंत बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के निर्वाचन आयोग ने आखिरकार अपना दोष स्वीकार कर लिया है कि उसने कई लोगों को दोहराव वाले ईपीआईसी (मतदाता फोटो पहचान पत्र) नंबर आवंटित किए हैं। यह सब इसलिए हुआ है क्योंकि (पश्चिम बंगाल की) मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने निर्वाचन आयोग के झूठ को पकड़ा और इस घोटाले को उजागर किया। गोखले ने कहा कि इनकार करने के बाद अब निर्वाचन आयोग कह रहा है कि वह तीन महीने में मुद्दे का समाधान कर देगा। उसका यह स्पष्टीकरण भी संतोषजनक नहीं है कि 'ईपीआईसी का दोहराव वर्ष 2000 से हो रहा है, क्योंकि पंजीकरण अधिकारी गलत 'अल्फान्यूमेरिक' (जिसमें वर्ण और संख्या दोनों का प्रयोग किया गया हो) श्रृंखला का उपयोग कर रहे हैं। गोखले ने सवाल उठाया कि जब निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग की पुस्तिका में स्पष्ट दिशा–निर्देश हैं, तो कथित तौर पर 'गलत सीरीज' का इस्तेमाल कैसे किया गया और उस सॉफ्टवेयर के बारे में सवाल किया, जिसे इसे पकड़ना था। उन्होंने सवाल कि यदि निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह 2000 से हो रहा है, तो बनर्जी द्वारा इस ओर ध्यान दिलाए जाने से पहले 25 साल तक कुछ क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने अभी तक यह क्यों नहीं बताया कि वर्तमान में कितने दोहराव वाले ईपीआईसी मौजूद हैं? यह एक सप्ताह में दूसरा बहाना है जिसे निर्वाचन आयोग द्वारा 'स्पष्टीकरण' के रूप में पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वावन आयोग क्या छिपा रहा है और किसे बचाने की कोशिश कर रहा है? यह एक घोटाला है और इसका जवाब दिया जाना चाहिए।

## कई महिलाओं ने विविध क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई : राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि महिलाएं परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव हैं और उनमें से कई ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक अपनी पहचान बनाई है, लेकिन उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एक संदेश में राष्ट्रपति ने सभी बहनों और बेटियों को शुभकामनाएं दीं और इस दिन को महिला शक्ति की उपलब्धियों और देश और समाज में उनके अद्वितीय योगदान का सम्मान करने का अवसर बताया। मुर्मू ने कहा कि महिलाएं परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव हैं और कई महिलाओं ने विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना करने के बावजूद विविध क्षेत्रों में सफलतापूर्वक अपनी पहचान बनाई है।

## तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ, मुंबई हमलों के आरोपी को अमेरिकी कोर्ट से झटका

**वॉशिंगटन :** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की याचिका खारिज कर दी है। राणा ने अपनी याचिका में कहा था कि उसे भारत प्रत्यर्पित ना किया जाए। अपना प्रत्यपर्ण रोकने की मांग करते हुए राणा ने कोर्ट में इमरजेंसी अपील की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। राणा ने अपनी अर्जी में कहा था कि पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम होने के कारण भारत में उसे यातना दी जाएगी। राणा पाक मूल का कनाडाई नागरिक है। उस पर मुंबई हमलों में शामिल होने का आरोप है। वह भारत में मोस्ट वॉन्टेड है। हव्वुर राणा को अमेरिकी सरकार ने भारत को सौंपने का फैसला लिया है। राणा इस फैसले रोक के लिए अदालत से स्टे चाहता था। सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में राणा ने दलील दी कि उसे भारत को सौंपना अमेरिकी कानून और संयुक्त राष्ट्र के यातना विरोधी समझौते का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया कि मुंबई हमलों के आरोपी और पाकिस्तानी मूल के एक मुस्लिम के तौर पर भारत में उसे यातना दिए जाने का खतरा और बढ़ जाता है।

## ब्रिटेन जयशंकर की सुरक्षा में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर कार्रवाई करे : भारत



**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को ब्रिटेन से कहा कि वह लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर की सुरक्षा में व्यवधान डालने वाले खालिस्तान समर्थक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करे। इसने कहा कि यह घटना ऐसी ताकतों को दिए गए ''लाइसेंस'' को दर्शाती है। जयशंकर बुधवार शाम जब चैथम हाउस में एक संवाद सत्र के समापन के बाद वहां से निकल रहे थे, तो खालिस्तान समर्थक एक प्रदर्शनकारी ने अवरोधक तोड़ने का प्रयास किया, जबकि कुछ अन्य ने भारत विरोधी नारे लगाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस घटना पर ब्रिटिश अधिकारियों की गंभीरता इस बात पर निर्भर करेगी कि वे इसमें शामिल अपराधियों के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं। जायसवाल ने कहा, ''हमने विदेश मंत्री की यात्रा के दौरान ब्रिटेन में मौजूद अलगाव–वादी और चरमपंथी तत्वों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किए जाने के बारे में ब्रिटेन के अधिकारियों को अपनी गहरी चिंता से अवगत कराया है।'' उन्होंने कहा, ''इस घटना का एक बड़ा परिप्रेक्ष्य है। यह ऐसी ताकतों को दिए गए लाइसेंस के साथ–साथ उनकी धमकी, डराने–धमकाने और ब्रिटेन में हमारी वैध राजनयिक गतिविधियों में बाधा डालने के उद्देश्य से की गई अन्य कार्रवाइयों के प्रति उदासीनता को भी उजागर करता है।'' जायसवाल ने कहा, ''भारत ने इस मामले पर ब्रिटेन के विदेश कार्यालय द्वारा जारी बयान पर गौर किया है, लेकिन इसकी गंभीरता के बारे में हमारा नजरिया इस मामले तथा पिछले अवसरों पर दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर निर्भर करेगा।'' विदेश कार्यालय ने घटना की निंदा की। जयशंकर मंगलवार से शुरू हुई ब्रिटेन और आयरलैंड की अपनी छह दिवसीय यात्रा के पहले चरण में लंदन में थे। भारत ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा चूक की घटना की निंदा की और कहा कि वह उम्मीद करता है कि मेजबान सरकार ऐसे मामलों में अपने राजनयिक दायित्वों का पूरी तरह पालन करेगी। इसने ऐसे तत्वों द्वारा ''लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग'' किए जाने की निंदा की। ब्रिटिश उच्चायोग के प्रभारी को भी विदेश मंत्रालय में तलब किया गया तथा उन्हें इस मामले पर आपत्ति पत्र सौंपा गया। मार्च, 2023 में कुछ खालिस्तान समर्थक तत्वों ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में लगे भारतीय ध्वज को उतार दिया था जिस पर भारत की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया हुई। घटना के बाद भारत ने दिल्ली में वरिष्ठतम ब्रिटिश राजनयिक को तलब किया और मिशन में ''सुरक्षा के पूर्ण अभाव'' पर स्पष्टीकरण मांगा था। ब्रिटेन की धरती से गतिविधियां संचालित कर रहे खालिस्तान समर्थक तत्वों के खिलाफ भारत कार्रवाई करने की मांग करता रहा है।

## इसरो के 'पीओईएम–4' ने 1,000 परिक्रमाएं पूरी कीं

**बेंगलुरु :** इसरो ने शुक्रवार को घोषणा की कि 'पीएसएलवी ऑर्बिटल प्लेटफॉर्म एक्सपेरीमेंट मॉड्यूल' (पीओईएम–4) के चौथे संस्करण ने चार मार्च को सफलतापूर्वक 1,000 परिक्रमाएं पूरी कर लीं। इसने कहा कि पीएसएलवी–सी60 मिशन 30 दिसंबर, 2024 को प्रक्षेपित किया गया तथा स्पैडेक्स अंतरिक्ष यान के सफल प्रक्षेपण के बाद 'पीओईएम–4' ने अपना परिचालन शुरू कर दिया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बयान में कहा, ''पीओईएम–4 को तीन–अक्षीय स्थिर प्लेटफॉर्म के रूप में तैयार किया गया था, जो 24 उपकरण ले गया। इसमें गैर–सरकारी संस्थाओं (एनजीई) के 10 उपकरण और इसरो के 14 उपकरण शामिल थे। एनजीई सहित सभी उपकरणों ने कक्षा में इच्छित प्रयोग पूरे कर लिए हैं।'' बयान में कहा गया कि पीओईएम–4 अब तक के सभी पीओईएम मिशन के मुकाबले सबसे अधिक उपकरण ले गया, जिससे विविध उपकरणों के लिए किफायती प्रायोगिक प्लेटफॉर्म के रूप में इसकी विशिष्टता की पुष्टि हुई।

## रक्षा मंत्रालय ने टी–72 टैंकों के लिए इंजन की खरीद के वास्ते 24.8 करोड़ डॉलर का सौदा किया

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने टी–72 टैंकों के लिए इंजन की खरीद के वास्ते रक्षा क्षेत्र से जुड़ी रूस की कंपनी 'रोसोबोरोनएक्सपोर्ट' के साथ 24.8 करोड़ डॉलर का समझौता किया है। इस सौदे में रूसी रक्षा कंपनी से चेन्नई के आवडी स्थित सरकारी बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड (भारी वाहन कारखाना) को प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण भी शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि उसने टी–72 टैंकों के लिए 1,000 एचपी इंजन की खरीद के लिए रोसोबोरोनएक्सपोर्ट (आरओई) के साथ 24.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,156 करोड़ रुपये) के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। टी–72 टैंक भारतीय सेना के टैंक बेड़े का मुख्य आधार हैं, जिनमें वर्तमान में 780 एचपी का इंजन लगा है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''टी–72 टैंकों के मौजूदा बेड़े को 1000 एचपी इंजन से लैस करने से भारतीय सेना की युद्धक्षेत्र गतिशीलता और आक्रामक क्षमता में वृद्धि होगी।''

## काशी और अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी – योगी आदित्यनाथ



**मथुरा (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। योगी ने आश्वासन दिया कि मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, नंदगांव, गोवर्धन और बलदेव सहित ब्रज क्षेत्र में अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज के परिवर्तन के समान तेजी से विकास होगा। बरसाना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन–पूजन किया और फूलों एवं लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पांच हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा एवं आस्था की धरा है। इसके कण–कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता का प्रतीक के रूप में मौजूद हैं।'' उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसका परिणाम हाल ही में संपन्न प्रयागराज महाकुंभ के भव्य आयोजन के रूप में देखने को मिला। उन्होंने कहा, ''जो जितना सनातन धर्म के खिलाफ बोलता था, अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था, उन्हें सनातन धर्मावलंबियों ने महाकुम्भ के जरिए करारा जवाब दिया है। महाकुम्भ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण बन गया है।'' योगी ने होली को एकता का सूत्र बताते हुए कहा कि होली आपसी सद्भाव और दूरियों को मिटाने का त्योहार है। महाकुम्भ ने जहां दुनिया को एकता का संदेश दिया, वहीं होली इसे और मजबूत करती है। उन्होंने बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली और लड्डू मार होली का जिक्र करते हुए सनातन धर्म की अद्भुत परंपराओं की सराहना की।

## यौन इच्छा के बिना नाबालिग के होठों को दबाना, छूना पॉक्सो के तहत अपराध नहीं: दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यौन प्रेरित प्रयासों के बिना नाबालिग लड़की के होठों को छूना और दबाना तथा उसके बगल में सोना पॉक्सो (यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत ''गंभीर यौन उत्पीड़न'' नहीं है जिसके लिए आरोपी के खिलाफ अभियोजन चलाया जाए। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि ये कृत्य नाबालिग की गरिमा का उल्लंघन और उसे ठेस पहुंचा सकते हैं, लेकिन ''प्रकट या यौन इरादे की मंशा'' के बिना पॉक्सो अधिनियम की धारा 10 के तहत आरोप तय करने के लिए आवश्यक वैधानिक सीमा को पूरा करना मुश्किल होगा। न्यायमूर्ति ने अपने फैसले में कहा कि प्रथम दृष्टया भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 के तहत 'महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग' करने का स्पष्ट मामला बनता है।

## साल 2050 तक 44 करोड़ भारतीय हो सकते हैं मोटापे से ग्रस्त, खाद्य तेल की खपत में कमी करें : मोदी



**सिलवासा (दादरा और नगर हवेली) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को एक बार फिर मोटापे की समस्या को उठाया और एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं। उन्होंने इन आंकड़ों को चौंकाने वाला और खतरनाक बताया। मोटापे को कई बीमारियों की जड़ बताते हुए मोदी ने लोगों से आग्रह किया कि वे नियमित शारीरिक व्यायाम करके और खाद्य तेल की खपत को 10 प्रतिशत तक कम करके शरीर की अत्यधिक चर्बी को खत्म कर सकते हैं। वह दादरा एवं नगर हवेली के सिलवासा शहर और गुजरात से सटे दमन और दीव में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश के लिए 2,587 करोड़ रुपये की विकास और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करने के साथ ही भूमि पूजन भी किया। उन्होंने कहा, ''हमारी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां आज हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा कर रही हैं। मोटापा उनमें से एक है, क्योंकि यह कई बीमारियों का मूल कारण है। एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2050 तक करीब 44 करोड़ लोग मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं। यह आंकड़ा बहुत बड़ा है और उतना ही डरावना भी है।'' उन्होंने कहा कि अगर रिपोर्ट के परिणाम सही होते हैं, तो इसका मतलब है कि देश में हर तीन में से एक व्यक्ति 2050 तक मोटापे से पीड़ित हो सकता है। मोदी ने चेताया कि मोटापा लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित होगा और हर किसी को इस स्थिति से उबरने की कोशिश शुरू करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''मैं पहले ही अपील कर चुका हूं कि लोगों को अपने खाद्य तेल की खपत 10 प्रतिशत कम करनी चाहिए। मैं चाहता हूं कि आप सभी संकल्प लें कि आप 10 प्रतिशत कम तेल खरीदेंगे। नियमित व्यायाम और साइकिल चलाना भी मोटापा कम करने में आपकी मदद करेगा।'' मोदी ने हाल ही में 'मन की बात' कार्यक्रम में देश में मोटापे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए इस चुनौती से निपटने के लिए जीवनशैली में बदलाव पर जोर दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि खाद्य तेल के उपभोग में 10 फीसदी की कटौती जैसे छोटे–छोटे प्रयास बेहद कारगर हो सकते हैं। भोजन में तेल के उपयोग में 10 फीसदी की कमी को लेकर एक अभियान की शुरुआत करते हुए उन्होंने उद्योगपति आनंद महिंद्रा, ओलंपियन मनु भाकर और जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत दस लोगों को 'चैलेंज' भी दिया था। प्रधानमंत्री ने लोगों को बताया कि उनकी सरकार किफायती कीमतों पर दवाएं उपलब्ध कराने के अपने प्रयास के तहत देशभर में 25,000 नए जन औषधि केंद्र खोलने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग और गरीब नागरिकों ने सब्सिडी वाली इन दुकानों से दवाइयां खरीद कर करीब 30,000 करोड़ रुपये बचाए हैं।




## सरकारी इच्छाशक्ति रोकेगी मरीजों का दोहन

यह खबर परेशान करती है कि देश के करोड़ों मरीज पहुंच से बाहर के महंगे इलाज के कारण गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। वे कथित रुप से दूसरे भगवान कहे जाने वाले शख्स के आगे बेबस नजर आते हैं। खासकर बड़े आप्रेशनों व उपकरणों से लेकर महंगी दवाओं को लेकर। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने मरीजों की दुखती रग को समझते हुए केंद्र व राज्य सरकारों से निजी अस्पतालों में मरीजों का शोषण रोकने के लिये नीतिगत फैसला लेने को कहा है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि देशवासियों को चिकित्सा का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना राज्यों का कर्तव्य है। निर्विवाद रूप से राज्य सरकारें ऐसा करने में विफल रही हैं। इसके बावजूद कि उन्होंने बड़े अस्पतालों को जमीन आदि तमाम सुविधाएं रियायती दरों पर दी हैं। ऐसे में वे गरीब मरीजों को राहतकारी इलाज देने के लिये बड़े अस्पतालों को बाध्य कर सकती थीं। वैसे चुनावों के दौरान तमाम तरह के सब्जबाग दिखाने वाले राजनीतिक दलों के एजेंडे में चिकित्सा सुविधा सुधार कभी प्राथमिकता नहीं रही। यदि सार्वजनिक चिकित्सा का बेहतर ढांचा उपलब्ध होता तो लोग निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर न होते। यदि निगरानी तंत्र मजबूत होता और प्रभावी कानून होते तो मरीजों को दोहन का शिकार न होना पड़ता। यदि मरीजों से निजी अस्पतालों में मनमानी रकम वसूली जाती है तो यह राज्य सरकारों की छवि पर आंच है कि वे मरीजों को किफायती उपचार उपलब्ध कराने में विफल रही हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत को कहना पड़ा कि मरीजों को उचित मूल्य वाली दवाइयां न मिल पाना राज्य सरकारों की नाकामी को ही दर्शाता है। इतना ही नहीं राज्य सरकारें निजी अस्पतालों को न केवल सुविधाएं प्रदान करती हैं बल्कि उन्हें प्रोत्साहन भी देती हैं। सरकारों का यह दावा अतार्किक है कि मरीजों के तिमारदारों के लिये निजी अस्पताल के मेडिकल स्टोरों से दवा खरीदने की बाध्यता नहीं है।

दरअसल, अस्पताल की फार्मेसी या खास मेडिकल स्टोरों से दवाइयां खरीदना तिमारदारों की मजबूरी बन जाती है। उन्हें खास ब्रांड की दवा व उपकरण खरीदने के निर्देश होते हैं। दरअसल, खुले बाजार में उनकी उपलब्धता और गुणवत्ता को लेकर आशंका होती है। असल में, यह नीति-नियंताओं की जवाबदेही है कि वे मरीजों और उनके परिवारों को शोषण से बचाने के लिये दिशा-निर्देश तैयार करें। हालांकि, यह इतना भी आसान नहीं है क्योंकि विभिन्न हितधारकों के दबाव अकसर सामने आते हैं। जैसा कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को उस समय कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था जब उसने डॉक्टरों से कहा था कि वे ब्रांडेड दवाएं न लिखें। उसके स्थान पर जेनेरिक दवाएं लिखें, ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा बिरादरी ने तब दबाव बनाते हुए कहा था कि दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। जिसके बाद यह आदेश जल्दी ही वापस लेना पड़ा था। इसके अलावा ब्रांडेड दवाओं के निर्माताओं ने भी दबाव बनाया था, जो कि जन-कल्याण के बजाय बड़े पैमाने पर मुनाफे को प्राथमिकता देते रहते हैं। वैसे निजी अस्पतालों द्वारा दवाओं के जरिये पैसा कमाने की वजह यह भी है कि सरकारी जन-औषधि केद्रों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। ये केंद्र, जिनकी देश में संख्या पंद्रह हजार के करीब है, देश के सभी जिलों को कवर करते हैं। ये केंद्र नागरिकों को सस्ती कीमत पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिये बनाये गए थे। लेकिन, ये केंद्र दवाओं की कमी,गुणवत्ता के नियंत्रण के अभाव और ब्रांडेड दवाओं की अनधिकृत बिक्री की समस्याओं से ग्रसित रहे हैं। निश्चित रूप से औषधि विनियामक प्रणाली में सुधार करने से तमाम असहाय रोगियों की परेशानियों को कम करने में मदद मिल सकती है। एक रिपोर्ट बताती है कि सरकारी अस्पतालों की तुलना में निजी अस्पतालों का खर्च सात गुना होता है। खासकर कोरोना काल के बाद चिकित्सा खर्च में खासी बढ़ोतरी हुई है। निस्संदेह, राज्य सरकारों को इस मुद्दे पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर उचित गाइडलाइंस बनानी चाहिए। निजी अस्पतालों व मरीजों के हितों के मद्देनजर राज्य सरकारों के संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 8 मार्च, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन शुक्लपक्ष नवमी, 08:18 तक , नक्षत्र : आर्द्रा, 23:29 तक , योग : आयुष्मान, 16:26 तक, सूर्योदयः 5:52, सूर्यास्तः 17:42, चन्द्रोदय : 12:16, चन्द्रास्तः 01:34, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 08:51 से 10:19

## राशिफल

**मेष :** आज व्यस्त रहने वाले हैं। दोपहर के बाद आप किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिल सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे।

**वृष :** आज नकारात्मकता रहेगी। सिरदर्द और थकान के कारण काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार में जोखिम भरे कार्य न करें। जॉब में सहयोगियों को नाराज न करें।

**मिथुन :** आज उत्सव हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज आपको महँगे गिफ्ट मिल सकते हैं। आज घर पर वेबसीरीज या मूवी का आनन्द लेंगे।

**कर्क :** आज मन लगाकर काम करेंगे। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करेंगे। व्यवसाय को प्रमोट करने के लिये दिन जबरदस्त है।

**सिंह :** आज कार्य रुक सकता है। अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण रखें। दूर की यात्राओं के लिये दिन अच्छा नहीं है। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है।

**कन्या :** आज किसी करीबी के व्यवहार से आप आनन्दित रहेंगे। मेडिकल पेशे से जुड़े लोगों को लाभ होगा। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक रहेंगे। मनोरंजन का भरपूर आनन्द लेंगे।

**तुला :** आज रियल इस्टेट से जुड़े कार्यों से धन लाभ हो सकता है। भविष्य को लेकर कोई सार्थक निर्णय ले सकते हैं। व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक :** आज परिवार में शुभ आयोजन हो सकता है। नये प्रकल्प में काम करने का विचार बनायेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं को सम्मान दें। गुस्से में आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**धनु :** आज आपके लिये शुभ रहेगी। अपनी दिनचर्या में छेड़छाड़ न करें। भरोसेमन्द व्यक्तियों से आपको परामर्श लेना चाहिये। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ सकता है।

**मकर :** आज विवाहेतर सम्बन्धों से दूरी बनाकर रखें। कई दिनों से जो काम रुका हुआ था वो आज बन सकता है। व्यापार में पार्टनर्स का सहयोग प्राप्त होगा।

**कुम्भ :** आज अपने मनपसन्द कार्यों को अन्जाम देंगे। यदि आप किसी जॉब के लिये इन्टरव्यू दे रहे हैं तो उसमें सफलता मिलेगी। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**मीन :** आज आज आप मनोरंजन का आनन्द लेंगे। बच्चे पढ़ाई में काफी ध्यान देंगे। व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। सन्तान की योग्यता की प्रशंसा करें।

# बलात्कार और हिंसा पर कब टूटेगी समाज की चुप्पी?


योगेश कुमार गोयल

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च पर विशेष)**





दुनियाभर में प्रतिवर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है, जो सही मायनों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का भी प्रतीक है। हालांकि चिंता का विषय यही है कि जिस 'आधी दुनिया' के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है, उसी आधी दुनिया को जीवन के हर मोड़ पर भेदभाव या अपराधों का सामना करना पड़ता है। यदि इसे भारत के ही संदर्भ में देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब 'आधी दुनिया' से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम सिर्फ पुलिस-प्रशासन को कोसने और संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालने या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन करने की रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुनः तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुनः सुर्खियां बनता है, अन्यथा ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं तो आए दिन होती ही रहती हैं।

देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए। ऐसे मामलों में पुलिस-प्रशासन की भूमिका भी अनेक अवसरों पर संदिग्ध रहती है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का कार्य करती है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए? जरूरत इस बात की महसूस की जाने लगी है कि पुलिस को लैंगिक दृष्टि से संवदेनशील बनाया जाए ताकि पुलिस पीड़ित पक्ष को पर्याप्त संबल प्रदान करे और पीड़िताएं अपराधियों के खिलाफ खुलकर खड़ा होने की हिम्मत जुटा सकें, साथ ही जांच एजेंसियों और न्यायिक तंत्र से भी ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की अपेक्षा की जानी चाहिए। ऐसी घटनाओं पर अंकुश के लिए समय की मांग यही है कि सरकारें मशीनरी को चुस्त-दुरूस्त बनाने के साथ-साथ प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें कि यदि उनके क्षेत्र में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के मामलों में कानून का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

दिनदहाड़े सामने आती छेड़छाड़, अपहरण, बलात्कार या सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग के समान हैं और यह कहना असंगत नहीं होगा कि महज कड़े कानून बना देने से ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगने वाला। आए दिन देशभर में हो रही इस तरह की घटनाएं हमारी सभ्यता की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बलात्कार और छेड़छाड़ के आए दिन जो मामले सामने आ रहे हैं, उनमें बहुत से ऐसे भी होते हैं, जिनमें पीड़िता के परिजन, निकट संबंधी या परिचित ही आरोपी होते हैं। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों में तो यहां तक कहा जा चुका है कि करीब 97 फीसदी मामलों में महिलाएं अपनों की ही शिकार होती हैं और यह समस्या सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है बल्कि महिला अपराधों के मामले में पूरी दुनिया की यही तस्वीर है। जहां देश में हर 53 मिनट में एक महिला यौन शोषण की शिकार होती है और हर 28 मिनट में अपहरण का मामला सामने आता है, वहीं संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में प्रत्येक तीन में से एक महिला का कभी न कभी शारीरिक शोषण होता है। दुनिया में करीब 71 फीसदी महिलाएं शारीरिक मानसिक प्रताड़ना अथवा यौन शोषण व हिंसा की शिकार होती हैं, दक्षिण अफ्रीका में हर छह घंटे में एक महिला को उसके साथी द्वारा ही मौत के घाट उतार दिया जाता है और अमेरिका में भी इसी प्रकार कई महिलाएं हर साल अपने ही परिचितों द्वारा मार दी जाती हैं।

जहां तक पीड़िताओं को न्याय दिलाने की बात है तो इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की मांग काफी समय से उठती रही है किन्तु हमारा सिस्टम कछुआ चाल से रेंग रहा है। ऐसे मामलों में कठोरता बरतने के साथ-



साथ त्वरित न्याय प्रणाली की भी सख्त जरूरत है ताकि महिला अपराधों पर अंकुश लग सके। आज अगर समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध और संवेदनहीनता के मामले बढ़ रहे हैं तो हमें यह जानने के प्रयास करने होंगे कि कमी हमारी शिक्षा प्रणाली में है या कारण कुछ और हैं। ऐसे कृत्यों में लिप्त रहने वाले लोगों की कुंठित मानसिकता के कारणों की पड़ताल करना भी बहुत जरूरी है, साथ ही सामाजिक मूल्यों का विकास करने के लिए विद्यालयों में नैतिक शिक्षा को लागू करना और छात्रों को अच्छा साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना समय की मांग है ताकि युवाओं की नकारात्मक सोच को परिवर्तित करने में मदद मिल सके, जिससे स्थिति में सुधार की उम्मीद की जा सके।

# नारी है स्नेह का स्रोत और मांगल्य का महामंदिर


ललित गर्ग



महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष और उनके हक की लड़ाई की कहानी बयां करता है। इस वर्ष की थीम एक्सीलरेट एक्शन यानी 'कार्रवाई में तेज़ी लाना' और तेजी से कार्य करना रखी है। यह थीम हमें बताती है कि महिलाओं को अपने ऊपर बहुत मेहनत और तेजी से काम करने की जरूरत हैं। यह लोगों, सरकारों और संगठनों को महिलाओं के उत्थान, समान अवसर प्रदान करने और भेदभाव समाप्त करने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित करती है। इस दिवस का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करना और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। यह दिन महिलाओं के सशक्तिकरण, समाज, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और राजनीति में उनके योगदान को पहचान दिलाने के साथ-साथ उनके अधिकारों और अवसरों की वकालत करता है। परिवार, समाज, देश एवं दुनिया के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का है।

नया भारत-सशक्त भारत-विकसित के निर्माण की प्रक्रिया में महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। दिल्ली एवं पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हो या केन्द्र में वित्तमंत्री, खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं कां विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये। बीसवीं सदी की शुरुआत में महिलाओं ने अपने अधिकारों और बेहतर कार्य स्थितियों की मांग शुरू की थी। 1908 में न्यूयॉर्क में पन्द्रह हजार महिलाओं ने उचित वेतन और मतदान अधिकारों की मांग करते हुए मार्च निकाला। 1909 में अमेरिका ने पहली बार राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। 1910 में, जर्मन कार्यकर्ता क्लारा जेटकिन ने इसे एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन बनाने का सुझाव दिया। 1911 में कई देशों में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। 1917 में, रूस की महिलाओं ने हड़ताल कर बेहतर परिस्थितियों की मांग की, जिससे 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता मिली। संयुक्त राष्ट्र ने 1975 में इसे औपचारिक रूप से मान्यता दी, जिससे यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन बन गया। यह दिवस केवल जश्न का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी दिन है। यह हमें याद दिलाता है कि जब तक लैंगिक समानता पूरी तरह हासिल नहीं होती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

महिलाओं से जुड़े मामलों जैसे महिलाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, गांवों में महिला की अशिक्षा एवं शोषण, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराध को एक बार फिर चर्चा में लाकर यह दिवस एक सार्थक वातावरण का निर्माण करने की आवश्यकता को व्यक्त करता है। जन-चेतना के एक टीस से मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? विडम्बनापूर्ण तो यह है कि महिला दिवस जैसे आयोजन भी नारी को उचित सम्मान एवं गौरव दिलाने की बजाय उनका दुरुपयोग करने के माध्यम बनते जा रहे हैं। शताब्दियों से चली आ रही अर्थहीन परम्पराओं और आत्महीनता के मनोभावों को निरस्त करने के लिए प्रतिरोधात्मक चेतना का विकास करना नितांत अपेक्षित है। नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता, और त्याग का स्वरूप माना गया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, फिर भी कई चुनौतियां उनके सामने खड़ी हैं। समाज में आज भी घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा में असमानता, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी बुराइयां मौजूद हैं। अगर हम किसी समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें महिलाओं को सशक्त बनाना होगा।

महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता देना ताकि वे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर जी सकें। जब तक स्त्री की अन्याय के प्रति विद्रोही चेतना का जागरण नहीं होता, वह अपने अस्तित्व को सही रूप में नहीं समझ सकती। उसे अपने परम्परागत महत्व एवं शक्ति को समझना होगा, वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में नारी की आराधना होती रही है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धनधान्य आदि प्राप्त होता है, फिर क्यों नारी की अवमानना होती है? नारी धरती की धुरा है। स्नेह का स्रोत है। मांगल्य का महामंदिर है। परिवार की पीढ़िका है। पवित्रता का पैगाम है। उसके स्नेहिल साए में जिस सुरक्षा, शीतलता और शांति की अनुभूति होती है वह हिमालय की हिमशिलाओं पर भी नहीं होती। नारी जाति के अलंकरण हैं-सादगी और सात्विकता। सत्यं, शिवं सुंदरं की समन्विति कृत्रिम संसाधनों से नहीं, अनंत स्तेज को निखारने से हो सकती है। सुप्रसिद्ध कवयित्रि महादेवी वर्मा ने ठीक कहा था-'नारी सत्यं, शिवं और सुंदर का प्रतीक है। उसमें नारी का रूप ही सत्य, वात्सल्य ही शिव और ममता ही सुंदर है। इन विलक्षणताओं और आदर्श गुणों को धारण करने वाली नारी फिर क्यों बार-बार छली जाती है, लूटी जाती है?

महिलाओं के युग बनते बिगड़ते रहे हैं। कभी उनको विकास की खुली दिशाओं में पूरे वेग के साथ बढ़ने के अवसर मिले हैं तो कभी उनके एक-एक कदम को संदेह के नागों ने रोका है। कभी उन्हें पूरी सामाजिक प्रतिष्ठा मिली है तो कभी वे समाज के हाशिये पर खड़ी होकर स्त्री होने की विवशता को भोगती रही है। कभी वे परिवार के केंद्र में रहकर समग्र परिवार का संचालन करती हैं तो कभी अपने ही परिवार में उपेक्षित और प्रताड़ित होकर निष्क्रिय बन जाती है। इन विसंगतियों में संगति बिठाने के लिए महिलाओं को एक निश्चित लक्ष्य की दिशा में प्रस्थान करना होगा। बदलते परिवेश में आधुनिक महिलाएं मैथिलीशरण गुप्त के इस वाक्य-आँचल में है दूध को सदा याद रखें। उसकी लाज को बचाएँ रखें। एक ऐसा सेतु बने जो टूटते हुए को जोड़ सके, रुकते हुए को मोड़ सके और गिरते हुए को उठा सके। नन्हे उगते अंकुरों और पौधों में आदर्श जीवनशैली का अभिसिंचन दें ताकि वे शतशाखी वृक्ष बनकर अपनी उपयोगिता साबित कर सकें। 'यत्र पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता'- जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। किंतु आज हम देखते हैं कि नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उसे 'भोग की वस्तु' समझकर आदमी 'अपने तरीके' से 'इस्तेमाल' कर रहा है, यह बेहद चिंताजनक बात है।

कानून का संरक्षण नहीं मिलने से औरत संघर्ष के अंतिम छोर पर लड़ाई हारती रही है। इसीलिये आज की औरत को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए। पूरे पृष्ठ, जितने पुरुषों को प्राप्त हैं। प्राचीन काल में भारतीय नारी को विशिष्ट सम्मान दिया जाता था। सीता, सती-सावित्री आदि अगणित भारतीय नारियों ने अपना विशिष्ट स्थान सिद्ध किया है। इसके अलावा अंग्रेजी शासनकाल में भी रानी लक्ष्मीबाई, चाँद बीबी आदि नारियाँ जिन्होंने अपनी सभी परंपराओं आदि से ऊपर उठ कर इतिहास के पन्नों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। लेकिन समय परिवर्तन के साथ साथ देखा गया की देश पर अनेक आक्रमणों के पश्चात् भारतीय नारी की दशा में भी परिवर्तन आने लगे। अंग्रेजी और मुस्लिम शासनकाल के आते-आते भारतीय नारी की दशा अत्यंत चिंतनीय हो गई।

## वर्ग पहेली नं. 3026

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| ■ | 9 | | ■ | 10 | | 11 | | ■ | |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | | ■ | 14 | |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | ■ | | ■ | 23 | | | ■ | |
| | ■ | 24 | | | | ■ | 25 | | |
| 26 | | | ■ | ■ | | ■ | | ■ | |

**बायें से दायें:-** 1) दुर्जन; पिशाच; इबलीस; नटखट, 3) पैगाम; भेजा हुआ समाचार, 6) प्रस्थान, 8) स्वदेशी; अंतरराज्यीय; देशस्तरीय, 9) मृत्युदेवता, 10) स्वार्थी, 12) ऐसे ही, 13) दिल; चित्त, 14) कमाई, 15) आचरण, 16) कीमती, 18) चौकी, 19) नाचगाना; बड़े को झुककर प्रणाम, 20) दिलआरा; बहुत सुंदर, 22) अच्छा होता यदि, 23) पृथ्वी, 24) जरुरी, 25) मेघविद्युत, 26) पागल; प्रेमासक्त; फ़ैन.

**ऊपर से नीचे:-** 1) पर्वत, 2) मखनिया; रेशमी, 3) नृत्य तथा बाजों के साथ गाने की कला, 4) पियक्कड़, 5) जमा-खर्चा, 7) नमस्ते, 9) छुट्टी के मुताबिक, 11) जुनून; धुन, 13) मन में होनेवाला वैमनस्य, 14) सुस्त; पलंग-तोड़, 16) किसी स्थान में उत्पन्न की जानेवाली अशांति और अव्यवस्था, 17) एक भारतीय दिवंगत नेता का नाम, 18) घेराबंदी, 21) लौनी; मक्खन, 24) पधारना.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लि | ■ | ■ | प | ह | चा | न | ■ | ग | न्ना |
| खा | ता | पी | ता | ■ | ल | ■ | गौ | र | ■ |
| ई | ■ | लि | ■ | अ | च | ला | ■ | मी | न |
| प | ■ | या | क | ■ | ल | गू | न | ■ | कु |
| ढ़ा | ■ | ■ | ल | गा | न | ■ | स | क | ल |
| ई | द | गा | ह | ■ | ■ | बा | ■ | च्छ | ■ |
| ■ | क्षा | य | ■ | भा | ड़ | की | ला | प | न |
| शा | ■ | भै | र | व | ■ | ■ | ड़ | ■ | चा |
| प | चा | स | ■ | न | ख़ा | री | ला | ■ | ऊ |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2986

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | | | | | |
| | | | 2 | | | | 7 | |
| | | | 4 | 7 | | | | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | | |
| | 3 | | | | | | 5 | |
| | | | | | | 4 | | |
| | | | | | | 6 | | 1 |
| | 5 | | | 3 | | | | |
| | | | | | | 8 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2985 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 8 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 9 | 8 |
| 8 | 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 2 | 8 | 9 |
| 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 5 | 4 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 2 | 7 |

# कोलकाता में 300 वर्ग फीट में भी तीन मंजिला मकान के लिए मिलेगी मंजूरी, मेयर ने की घोषणा

❑ **आवेदन के मात्र 15 दिनों के दी जाएगी मंजूरी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम अब लोगों को जमीन के छोटे भूखंडों पर भी तीन मंजिला मकान बनाने की अनुमति देगा। एक कट्ठा से कम जमीन पर भी तीन मंजिला मकान बनाने की अनुमति दी जाएगी। कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। हालांकि, कुछ शर्ते माननी होगी। फिरहाद ने यह भी कहा कि मकान की मंजिलों की संख्या नींव पर निर्भर करेगी। इसके अलावा, नगर निगम ने उन लोगों के



लिए भी शुल्क कम कर दिये है जिन्होंने पहले से ही झुग्गी-झोपड़ियों और कॉलोनियों में पक्के मकान बना लिए हैं। इस दिन, यह मंजूरी देने का निर्णय नगर निगम मेयर परिषद की बैठक में लिया गया। इस दिन, कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि कोलकाता नगर निगम 7 छत्तक यानी 300 वर्ग फीट और 10 छत्तक यानी 450 वर्ग फीट पर तीन मंजिला मकान बनाने की भी मंजूरी देगा। उस स्थिति में, आगे और दोनों तरफ एक फुट तथा पीछे 3 फुट जगह छोड़नी होगी। 11 छटाक से लेकर एक कट्ठा तक के क्षेत्र में तीन मंजिला मकान बनाने की भी अनुमति दी जाएगी। उस स्थिति में, आगे डेढ़ फुट, दोनों तरफ दो फुट और पीछे चार फुट जगह छोड़नी होगी। एक कट्ठा से लेकर दो कट्ठा और तीन कट्ठा तक के क्षेत्रों के लिए भी निश्चित मात्रा में जमीन छोड़नी होगी। इसके बाद ही नगर निगम तीन मंजिला मकान बनाने की अनुमति देगी। मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि कानून के अनुसार आवेदन करने पर मात्र 15 दिनों के भीतर मकान बनाने की मंजूरी दे दी जाएगी। हालांकि, नगर निगम के अधिकारी मकान की नींव का निरीक्षण करने जाएंगे। इसके बाद ही यह मंजूरी दी जाएगी कि मकान कितनी मंजिल का बनाया जा सकता है।

❑ **अवैध निर्माण को वैध बनाने के लिए लगाए जाने वाले जुर्माने की राशि में कमी**

इसके अतिरिक्त, फिरहाद ने कहा कि जिन लोगों ने पहले से ही झुग्गी-झोपड़ियों या कॉलोनियों में घर बना लिए हैं, उनके लिए नियमितीकरण शुल्क 3.27 लाख रुपये से अधिक है। उस शुल्क को घटाकर मात्र 42,000 रुपये कर दिया गया है।

❑ **निर्माणाधीन सभी इमारतों पर बोर्ड लगाना अनिवार्य**

मेयर ने आगे कहा कि अब से शहर में निर्माणाधीन सभी इमारतों पर बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा। बिना बोर्ड वाला मकान अवैध माना जाएगा। इतना ही नहीं, बताया गया है कि संबंधित अस्थायी बैनर का आकार छह फुट गुणा तीन फुट होना चाहिए। उसमें घर के मालिक का नाम या प्रचार करने वाली कंपनी का नाम, घर का नंबर (अर्थात पता), घर में कितनी मंजिलें होंगी, कितने वर्ग फीट का क्षेत्रफल और भवन डिजाइन अनुमोदन संख्या लिखनी होगी। बाद में, जब मकान बन जाएगा तो उसे तोड़ना पड़ेगा।

# आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यभर में तृणमूल निकालेगी रैली

## विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं को साधने की कोशिश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लिए खास मायने रखता है। पिछली बार की तरह इस बार भी महिला मतदाता चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए तृणमूल कांग्रेस ने महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रमों की योजना बनाई है। तृणमूल की महिला शाखा ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्यभर में कई कार्यक्रम तय किए हैं। इनका मकसद महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लागू योजनाओं की सफलता को लोगों तक पहुंचाना है। हर जिले में केवल महिला कार्यकर्ताओं की रैली निकाली जाएगी, जिसका नेतृत्व महिला जनप्रतिनिधि करेंगी। कोलकाता में मुख्य रैली की अगुवाई राज्य की दो प्रमुख महिला मंत्री -वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य और महिला एवं बाल कल्याण, सामाजिक कल्याण, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री डॉ. शशि पांजा करेंगी। राज्य में चल रही उच्च माध्यमिक परीक्षाओं के कारण रैलियों में नारेबाजी और माइक का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। इसकी जगह कार्यकर्ता रंग-बिरंगे पोस्टर और बैनर लेकर चलेंगी, जिनमें लक्ष्मी भंडार और कन्याश्री स्कॉलरशिप जैसी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इन कार्यक्रमों के जरिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी धन्यवाद दिया जाएगा, जिन्होंने इन योजनाओं की शुरुआत की। पार्टी नेताओं का कहना है कि पोस्टरों में इस बात को भी दिखाया जाएगा कि किस तरह लक्ष्मी भंडार जैसी योजनाओं को दूसरे राज्यों ने भी अपनाया है।

# 14 करोड़ रुपये गबन के मामले में तृणमूल नेता गिरफ्तार

❑ **अध्यक्ष पद पर रहते हुए सहकारी समिति की बड़ी धनराशि का किया गबन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णनगर में कालीनगर सरकारी कालोनी सहकारी समिति के करीब 14 करोड़ रुपये गबन करने के आरोप में पुलिस ने तृणमूल नेता शिबनाथ चौधरी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। शिवनाथ नदिया जिला केंद्रीय सहकारी समिति और कालीनगर सरकारी कालोनी सहकारी समिति का पूर्व अध्यक्ष है। आरोप है कि पद पर रहते हुए उसने समिति की बड़ी धनराशि का गबन किया। शिकायतकर्ता नंदिता घोष का दावा है कि अतीत में कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद शिवनाथ के प्रभाव और प्रतिष्ठा के कारण जांच प्रक्रिया रोक दी गई। शिवनाथ



कृष्णनगर शहर तृणमूल का अध्यक्ष, कृष्णनगर नगर पालिका का उपाध्यक्ष और जिला तृणमूल का उपाध्यक्ष भी रह चुका है। पुलिस ने उससे पूछताछ की है। कृष्णनगर संगठनात्मक जिला तृणमूल के अध्यक्ष रुकबानुर रहमान ने कहा कि पुलिस मामले की जांच करेगी। अगर अपराध साबित होता हो तो कानून के अनुसार आरोपित को सजा मिलेगी।

## नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में एफआईआर दर्ज करने में देरी? जस्टिस विश्वजीत बसु ने उठाए सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पहाड़ में नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले को लेकर अब एक नया सवाल उठाया गया है। जस्टिस विश्वजीत बसु ने पूछा कि आखिर क्यों विधाननगर कमिशनरेट ने एफआईआर दर्ज करने में देरी की? इसके अलावा, उन्होंने यह भी सवाल किया कि जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उन्हें 41ए नोटिस क्यों नहीं भेजा गया? यह सवाल पहाड़ में भ्रष्टाचार मामले में सीआईडी और विधाननगर कमिशनरेट की भूमिका पर उठाए गए हैं। हाईकोर्ट के आदेश में कहा गया है कि विधाननगर कमिशनरेट को इस देरी का कारण स्पष्ट करते हुए अदालत में रिपोर्ट पेश करनी होगी। इसके अलावा, सीआईडी और विधाननगर कमिशनरेट से यह भी रिपोर्ट मांगी जाएगी कि एफआईआर में जिन नामों का उल्लेख है, उन आरोपियों को 41ए नोटिस क्यों नहीं भेजा गया। इस मामले में पहले ही पार्थ चट्टोपाध्याय, तृणान्कुर भट्टाचार्य, बिनय तामांग और अन्य शासक दल के नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इस मामले की अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी।

## रात 12 से सुबह पांच बजे तक मां फ्लाईओवर रहेगा बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के मां फ्लाईओवर पर मरम्मत कार्य के चलते शुक्रवार से हर रात कार्य समाप्ति तक यातायात बंद रहेगा। कोलकाता ट्रैफिक पुलिस ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार, कोलकाता महानगर विकास प्राधिकरण इस नवीनीकरण कार्य को अंजाम देगा, जिसके लिए फ्लाईओवर रात 12 बजे से सुबह पांच बजे तक वाहनों के आवागमन के लिए पूरी तरह बंद रहेगा। कोलकाता पुलिस ने मां फ्लाईओवर के माध्यम से ईएम बाईपास की ओर जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्गों की भी घोषणा की है। पार्क सर्कस से सोहरावर्दी एवेन्यू से होते हुए दरगा रोड से पुल नंबर-4 को पार करके ईएम बाईपास पर पहुंचा जा सकेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह नियम मरम्मत कार्य पूरा होने तक लागू रहेगा। इसलिए, रात में यात्रियों को यात्रा की योजना बनाते समय इस परिवर्तन का निर्णय लिया गया है।

# बंगाल केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने नकली दवाओं के खिलाफ लड़ाई में आगे आने की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के अंतर्गत बंगाल केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन (बीसीडीए), जो भारत में केमिस्ट्स और ड्रगिस्ट्स का एक प्रमुख संगठन है, ने शुक्रवार को राज्य समेत देशभर में नकली दवाओं की बढ़ती उपलब्धता पर गहरी चिंता व्यक्त की। इस दिन, कोलकाता प्रेस क्लब में एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित में किया गया, जिसका उद्देश्य नकली और मिलावटी दवाओं के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस मौके पर बीसीडीए के महासचिव पृथ्वी बोस ने कहा कि नकली दवाओं का प्रसार एक टाइम बम की तरह है, और हम इसके खिलाफ कार्रवाई करने में देर नहीं कर सकते। हम




सरकार से विनियामक उपायों को मजबूत करने, प्रवर्तन बढ़ाने और इस खतरे के खिलाफ जनता में जागरूकता बढ़ाने का आग्रह करते हैं। बीसीडीए मानता है कि अधिक छूट (डिस्काउंट) का लालच पश्चिम बंगाल में नकली दवाओं की बढ़ती संख्या का एक प्रमुख कारण है। बीसीडीए ने हाल ही में कई शहरों की पहचान की है जहां नकली और मिलावटी दवाओं का उत्पादन अत्यधिक बढ़ रहा है। ये अवैध दवाएं अक्सर बिना लाइसेंस वाले व्यक्तियों द्वारा बनाई जाती हैं, जबकि कुछ मामलों में लाइसेंस प्राप्त निर्माता भी इसमें शामिल हो सकते हैं। राज्य की कमजोर नियामक व्यवस्था, अपर्याप्त परीक्षण सुविधाएं, व्हिसल-ब्लोअर योजना की कमी, कम जागरूकता और विशेष अदालतों की अनुपस्थिति नकली दवाओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई में बड़ी बाधाएं हैं। बीसीडीए राज्य और केंद्र सरकार दोनों से आग्रह करता है कि वे इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करें और विशेष रूप से पहचाने गए हॉटस्पॉट शहरों में सतर्कता बढ़ाएं ताकि नकली दवाओं के उत्पादन और वितरण को रोका जा सके। बीसीडीए के आधिकारिक प्रवक्ता शंखा रॉय चौधरी ने कहा कि नकली दवाओं का मुद्दा बेहद गंभीर है, जो न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि देश के फार्मास्युटिकल उद्योग की साख को भी नुकसान पहुंचाता है। इस समस्या का शीघ्र समाधान आवश्यक है।

# विपक्ष निवेश आकर्षित करने में बंगाल सरकार का समर्थन करने को तैयार : सुकांत मजूमदार

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष पश्चिम बंगाल में निवेश आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार को पूरा समर्थन देगा। इस दिन, पूर्वोत्तर में निवेश आकर्षित करने के लिए कोलकाता में एक रोड शो आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्यमंत्री मजूमदार ने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के तहत पूर्व और पूर्वोत्तर क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में कोई भी निवेश अप्रत्यक्ष रूप से बंगाल को लाभ पहुंचाएगा, क्योंकि कोलकाता और हल्दिया बंदरगाह व्यापार के लिए मुख्य प्रवेश द्वार के रूप में काम करेंगे। मजूमदार ने कहा कि एक सांसद और एक मंत्री के रूप में, मैं चाहता हूं कि (मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी निवेश आकर्षित करने के लिए अन्य राज्यों में रोड शो आयोजित करें। यदि आवश्यक हो, तो मैं निवेश प्राप्त करने के लिए ममता के साथ (रोड शो में) जाने के लिए भी तैयार हूं। यह राज्य की अर्थव्यवस्था और उसके लोगों के लिए अच्छा होगा। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल राज्य सरकार की ओर से होनी चाहिए। मजूमदार ने कहा कि यह राज्य सरकार पर निर्भर करता है कि वह दूसरों से सहयोग लेना चाहती है या नहीं। मजूमदार ने कहा कि यह राज्य सरकार पर निर्भर करता है कि वे दूसरों से समर्थन लेना चाहते हैं या नहीं। मंत्री ने आरोप लगाया कि बंगाल में विपक्ष को राज्य की निवेश पहलों के बारे में अंधेरे में रखा गया है और मांग की कि बंगाल सरकार को बड़े-बड़े दावे करने के बजाय अब तक आकर्षित किए गए निवेशों पर एक श्वेत पत्र प्रकाशित करना चाहिए। एक उद्यो-




गपति का हवाला देते हुए उन्होंने बंगाल में मौजूदा निवेश माहौल पर भी सवाल उठाया। उनके अनुसार, उस उद्योगपति ने देश भर में दशकों से कई इकाइयां स्थापित की हैं, लेकिन हाल ही में राज्य में निवेश किया है। सुकांत ने टिप्पणी की कि इससे पता चलता है कि बंगाल में अभी भी व्यापार के लिए माहौल अनुकूल नहीं है।

--------------------

❑ **सुकांत मजूमदार ने जादवपुर विश्वविद्यालय गतिरोध को 'राजनीति से प्रेरित' बताया**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शुक्रवार को दावा किया कि जादवपुर विश्वविद्यालय में जारी गतिरोध कृत्रिम रूप से खड़ा किया गया है और अगर अधिकारी वास्तव में मंशा रखते हैं, तो इसे सुलझाया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुद्दे को राजनीतिक कारणों से लंबा खींचा जा रहा है। मजूमदार ने रोड शो में पत्रकारों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु के विश्वविद्यालय दौरे के समय पर सवाल उठाया, जो अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले हुआ है। मजूमदार ने कहा कि अगर वाकई मंशा है, तो गतिरोध को सुलझाया जा सकता है। चुनाव से ठीक पहले शिक्षा मंत्री को दौरा करने की क्या जरूरत पड़ गई? यह एक सुनियोजित कदम है और गतिरोध निकट भविष्य में खत्म नहीं होगा, क्योंकि यह राजनीति से प्रेरित है। हालांकि, बंगाल के लोग इस बात से वाकिफ हैं। भाजपा नेता ने जादवपुर विश्वविद्यालय की ओर इशारा करते हुए आरोप लगाया कि राज्य के कुछ विश्वविद्यालयों में बुद्धिजीवी नक्सली मौजूद हैं। मजूमदार ने कहा कि वह स्थिति को लेकर राज्यपाल बोस और उनके कार्यालय के साथ व्यक्तिगत रूप से संपर्क में हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्यपाल ने कुलपति को बुलाया था, लेकिन कुलपति उनसे नहीं मिल पाए, क्योंकि वह अब भी उच्च रक्तचाप और अन्य स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों के कारण अस्पताल में भर्ती हैं।

--------------------

❑ **कुणाल घोष ने सुकांत को बताया 'बच्चा', कहा... 'ममता बनर्जी सभी धर्मों का करती हैं सम्मान'**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तुलना रावण से की है, जिसको लेकर राज्य की सियासत गरमा गई है। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर टिप्पणी को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल नेता कुणाल घोष ने कहा कि सुकांत मजूमदार सिर्फ एक बच्चा है। ममता बनर्जी सभी धर्मों का सम्मान करती हैं। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी हर धर्म का सम्मान करती हैं क्योंकि वह संविधान की भावना में विश्वास करती हैं। भाजपा दिशाहीन है। पश्चिम बंगाल में सभी धर्मों के लोग सद्भाव से रहते हैं। भाजपा ने दुर्गा पूजा समितियों को धन देने का विरोध किया, जबकि ममता बनर्जी ने दुर्गा पूजा समितियों के लिए धन राशि बढ़ा दी। ये लोग झूठी कहानी गढ़ना चाहते हैं। बंगाल हमेशा भारत का हिस्सा रहा है और रहेगा।

# हाईकोर्ट ने राज्य के कई स्कूलों के ईसाई अल्पसंख्यक दर्जे पर जनहित याचिका खारिज की

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य में कई स्कूलों के ईसाई अल्पसंख्यक दर्जे पर सवाल उठाने वाली एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि इन संस्थानों को ईसाई अल्पसंख्यक दर्जे के लिए सरकार से कोई प्रमाणपत्र लेने की जरूरत नहीं है। मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति चैताली चटर्जी (दास) की पीठ ने कहा कि इस संबंध में उच्चतम न्यायालय के कई फैसले हैं, जिनमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि एक बार अल्पसंख्यक संगठन बनने के बाद वह हमेशा अल्पसंख्यक संस्थान ही रहता है।

अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता उच्चतम न्यायालय द्वारा विभिन्न निर्णयों में निर्धारित किए गए कानूनी सिद्धांतों से अनभिज्ञ है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में दायर याचिका में दावा किया गया था कि राज्य के कुछ विशेष स्कूलों को ईसाई अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान नहीं माना जा सकता, क्योंकि उन्होंने पश्चिम बंगाल अल्पसंख्यक आयोग से इस आशय का कोई प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किया है। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान का दर्जा प्राप्त करने के लिए किसी स्कूल को पहले पश्चिम बंगाल सरकार के उपयुक्त प्राधिकारी के समक्ष आवेदन कर अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान होने का प्रमाणपत्र लेने की जरूरत होती है। उसने कहा कि ऐसे प्रमाणपत्र के बिना कोई भी अल्पसंख्यक स्कूल होने का दावा नहीं कर सकता है। प्रतिवादी स्कूलों के वकील ने दलील दी कि ये स्कूल 19वीं शताब्दी में स्थापित हुए थे और इन्हें ईसाई अल्पसंख्यक स्कूल होने का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने कहा कि 2010 के बाद ही पश्चिम बंगाल अल्पसंख्यक आयोग अस्तित्व में आया और इसमें प्रावधान है कि यदि कोई संस्था प्रमाणपत्र चाहती है तो उसे इसके समक्ष आवेदन करना होगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे कई निर्णय हैं, जिनमें स्पष्ट किया गया है कि किसी विशेष संस्थान को धार्मिक अल्पसंख्यक या भाषायी अल्पसंख्यक घोषित करने के लिए संबंधित एजेंसी पर यह दबाव नहीं डाला जा सकता कि वह हर साल दर्जा नवीनीकरण के लिए सरकार के पास जाए। उन्होंने कहा कि किसी संस्था का अल्पसंख्यक दर्जा किसी नियम या आयोग द्वारा नहीं छीना जा सकता।

पीठ ने कहा कि अल्पसंख्यक आयोग एक विशेष तरीका उपलब्ध कराएगा और यदि कोई प्रमाणपत्र चाहता है, तो वह उसके समक्ष आ-वेदन कर सकता है। अदालत ने बृहस्पतिवार को यह आदेश दिया।

## कल आरजीकर पीड़िता के लिए न्याय की मांग पर निकलेगा जुलूस

**कोलकाता, समाज्ञा :** 9 अगस्त से 9 मार्च तक, देखते-देखते सात महीने निकल गया है। लेकिन, आरजीकर पीड़िता को अभी तक न्याय नहीं मिला है। जूनियर और वरिष्ठ डॉक्टरों ने इस आरोप के लिए न्याय की मांग करते हुए 9 मार्च को एक और सड़क जुलूस का आह्वान किया है। इस दिन, शाम 4 बजे एक जुलूस धर्मतला से, दूसरा जुलूस हाजरा मोड़ से रानूछाया रणुचया मंच पहुंचेगा। वहां से अभया मंच और संयुक्त मंच के डॉक्टर अगले कार्यक्रम की घोषणा करेंगे। इसी प्रकार प्रत्येक जिले में विरोध मार्च निकाला जाएगा। डॉक्टर उत्पल बनर्जी ने शुक्रवार को एक वीडियो संदेश में यह बात कही।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

निविदा सूचना संख्या: (i) 114-ईएलसी-जीकेजीपी- 24-25-43 और (ii) 114-ईएलसी-जीकेजीपी -24-25- 36आर2। भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/जी/खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए उल्लिखित तिथि पर दोपहर 12:00 बजे से पहले ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्रमांक; कार्य का विवरण; निविदा मूल्य (रु.); बोली सुरक्षा/बयाना राशि (रु. में): (i);** खड़गपुर मंडल - एबीबीएस योजना के तहत 04 नग एस्केलेटर (झाड़ग्राम-जेजीएम-02 नग और घाटशिला-जीटीएस-02 नग) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग; **₹ 14,07,587.11; ₹ 28,200.00; (ii);** निमपुरा में नए 70 बिस्तरों वाले रनिंग रूम के निर्माण के लिए विद्युत कार्य; **₹ 1,29,21,172.71; ₹ 2,14,600.00; खोलने की तिथि:** 26.03.2025 (दोनों के लिए); **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य (दोनों के लिए); **पूर्णता अवधि: स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से क्रमांक (i) के लिए 6 (छह) महीने और क्रमांक (ii) के लिए 12 (बारह) महीने। जमा करने की तिथि: 26.03.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक।** इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के पूर्ण विवरण, जानकारी और विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **नोट:** संभावित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं।
(PR-1212)

**पूर्व रेलवे**

**बोली संख्या: जीईएम/2025/बी/5973044, दिनांक 04.03.2025।** उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली जीईएम सेवा निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** लगभग 2500 मीट्रिक टन प्रति माह गैर-क्रेन योग्य मदों के लिए परिणाम आधारित सभी सामग्री हैंडलिंग गतिविधियों की आउटसोर्सिंग। **बयाना राशि:** ₹ 1,76,929 । **ईपीबीजी:** पी.ओ. मूल्य का 5 %। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 88,46,460। **खुलने की तारीख एवं समय:** 25.03.2025 (मंगलवार) को शाम 7.30 बजे। **पूरा करने की अवधि:** 03 वर्ष। जीईएम सेवा बोली दस्तावेज जीईएम साइट (सरकारी ई-मार्केटप्लेस) अर्थात जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** पर उपलब्ध होगा तथा जीईएम पोर्टल अर्थात **https://gem.gov.in** के जरिये दरें ऑनलाइन कोट करनी होंगी तथा ऑनलाइन जमा करनी होंगी।
(STORES-83/2024-25)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएलएस/ एसडीएएच/ ओटी/24-018, दिनांक: 03.03.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ईएमयू/ सियालदह, पहली मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, सियालदह, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: ईएलएस/एसडीएएच/ओटी/24-018। कार्य का नाम:** सोनारपुर कारशेड में इपोक्सी फ्लोरिंग का प्रावधान तथा निरीक्षण के अधीन पिट तथा हैवी बे का जीर्णोद्धार। **निविदा मूल्य:** ₹ 42,80,738। **बयाना राशि:** ₹ 85,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.04.2025 को दोपहर 2.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
(SDAH-374/2024-25)
निविदा सूचना वबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[मंडल अभियंता/4/हावड़ा]। ई-निविदा संख्या: 360_2024-25, दिनांक: 04.03.2025। कार्य का विवरण:** (1) एसएसई/डब्ल्यू/ बोलपुर शांतिनिकेतन के अधिकार क्षेत्र के अधीन अहमदपुर, बोलपुर शांतिनिकेतन, भेदिया, गदाधरपुर, प्रान्तिक, बातासपुर एवं नोआदर ढाल स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाना। (2) सहायक अभियंता/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन किमी. 70-23 से 70-37ए तक सैंथिया-अंडाल लाइन पर रिटेनिंग वाल सह ड्रेन का निर्माण। (3) एसएसई/डब्ल्यू/ बोलपुर शांतिनिकेतन के खंड में बोलपुर शांतिनिकेतन पर क्वार्टरों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार। **अनुमानित लागत:** ₹ 7,28,10,228.05। **बयाना राशि:** ₹ 5,14,100। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 26.03.2025 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान उपर्युक्त वेबसाइट के जरिये सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
(HWH-649/2024-25)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या: एसडीएसटीई-ईटीएन-ओआरएच-एचडब्ल्यूएच-2025, दिनांक: 05.03.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल लिफाफा प्रणाली में खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा स्टेशन क्षेत्र में अधिकारियों के विश्रामालय में दूरसंचार उपयोगिता का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 67,95,402.76। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,35,900। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 13.03.2025। **निविदा अपलोड करने की तारीख एवं समय:** 05.03.2025 को दोपहर 12.34 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **पूरा करने की अवधि:** 180 दिन। वेबसाइट का विवरण जहाँ से निविदा दस्तावेज डाउनलोड किये जा सकते हैं: **www.ireps.gov.in**। बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह का मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा।
(HWH-650/2024-25)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**NAME CHANGE**

I, Palashi Biswas, W/O-Mahananda Biswas service No-JC 264659N, Rank-EX SUB/DMT, R/o: Village- Adwaita lane, PO/PS- Santipur Dist-Nadia, W B, Pin-741404, spouse PPO and Extended Army Group Insurance Cerificate Vide no 40637398 to Palashi Biswas date of birth is 14/05/1973 proposed New Name date 06/02/25 Judicial Magistrate Court Affidavit Ranaghat Nadia says Palashi Biswas and Palashi Bala are one and the same person.

**NAME CHANGE**

I, SHOVAN BISWAS, my name as per Birth Certificate my DOB is 09/01/ 2006 S/o Mahananda Biswas service No-JC 264659N Rank EX SUB DMT at vill-Adwaita Lane, PO/PS-Santipur, Dist-Nadia,W.B Pin-741404, my name from Shavon Biswas as per my father Discharge Book to Shovan Biswas proposed New Name date 06/02/25 Judicial Magistrate Court Affidavit Ranaghat Nadia says Shovan Biswas and Shavon Biswas are one and the same person.

**पूर्व रेलवे**

मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[मंडल अभियंता/4/हावड़ा]। ई-निविदा संख्या: 365_2024-25, दिनांक : 06.03.2025। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/रामपुरहाट के अधीन रामपुरहाट (4 अदद) एवं नलहाटी (1 अदद) में पाइपलाइन के साथ 50000 गैलन की क्षमता के आरसीसी ओ.एच. टैंक द्वारा स्टील ओ .एच. टैंक की बदली एवं अन्य आनुषंगिक कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 7,90,06,905.84। **बयाना राशि:** ₹ 5,45,000। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 28.03.2025 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान उपर्युक्त वेबसाइट के जरिये सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
(HWH-653/2024-25)
निविदा सूचना वबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**हावड़ा-अमृतसर-हावड़ा मेल का मार्ग परिवर्तन**

उत्तर रेलवे के तहत गौरा, माँ बाराही देवी धाम, पिरथीगंज और माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशनों पर दिनांक 20.03.25 से 26.03.25 तक नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण, निम्नलिखित ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन निम्नानुसार किया जाएगा: ● **ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन: 13005/13006 हावड़ा-अमृतसर-हावड़ा मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 19.03.25 से 25.03.25) दोनों दिशाओं में वाराणसी जं.-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-लखनऊ के बदले जाफराबाद जं.-सुलतानपुर जं.-लखनऊ होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। असुविधा के लिए खेद है।
**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
**पूर्व रेलवे**

**महत्वपूर्ण सूचना**

पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन (अंतर्गत अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन) Regd under W.B. Societies Act 1961. S/1L/22423 सर्वसाधारण को सूचित करता है कि आगामी दिनांक 12 मार्च 2025 को जी.डी. बिड़ला सभागार, बालीगंज कोलकाता में किसी फागुनोत्सव मिलन समारोह नामक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा रहा है।कुछ अनधिकृत लोग श्री **भगवती बाजोरिया एवं श्री किशन किल्ला** एंड अदर्श के नेतृत्व में सम्मेलन के नाम, लोगो और रजिस्ट्रेशन नंबर का गैरकानूनी तरीके से प्रयोग कर इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं ऐसा हमारे संज्ञान में आया है। इन लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही के तहत Complaint Case No. 396 of 2024 in Metropolitan Magistrate Court और दिवानी मुकद्दमे के तहत Title Suit No. 2054 of 2024 in City Civil Court विचाराधीन है।सम्मेलन के नाम, लोगो और रजिस्ट्रेशन नंबर के गैरकानूनी दुरुपयोग को रोकने के लिए कानून और प्रशासन कि मदद ली जा रही है।सर्वसाधारण से निवेदन है कि ऐसे अनैतिक कार्यक्रमों का बहिष्कार कर सामाजिक सुधार में अपना योगदान दें।ऐसे कार्यक्रम में किसी भी अनभिप्रीत घटना के लिए सम्मेलन जिम्मेदार नही होगा।

नंद किशोर अग्रवाल
प्रदेश अध्यक्ष
पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन
(अंतर्गत अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन)

# 13 मार्च तक जादवपुर में सभी रैलियों पर रोक, शुभेंदु की रैली के रूट को बदलने का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर कांड के विरोध में विधायक और विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने रैली निकालने का निर्णय लिया है, लेकिन कोलकाता हाई कोर्ट ने रैली के रूट को बदलने का आदेश दिया है। साथ ही, जादवपुर विश्वविद्यालय के आसपास के इलाकों में अदालत के आदेश के बिना किसी भी राजनीतिक संगठन को कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी गई है। यह आदेश न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष द्वारा दिया गया है। जादवपुर में हुई घटना के बाद से अधिकांश राजनीतिक दलों ने विरोध प्रदर्शन किया है, और जादवपुर के छात्र भी सड़कों पर उतर आए थे। इस बीच, नागरिक रैली का भी आह्वान किया गया था। शुभेंदु अधिकारी ने 9 मार्च को सुलेखा मोड़ से रैली निकालने की योजना बनाई थी, लेकिन रैली की अनुमति को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ, जो अंततः कोलकाता हाई कोर्ट में पहुंचा। हाई कोर्ट ने रैली की अनुमति तो दी, लेकिन रूट को बदलने का आदेश दिया।

कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि शुभेंदु अधिकारी की रैली को नवीना सिनेमाघर से जादवपुर थाना से 100 गज की दूरी पर समाप्त करनी होगी। इसके अलावा, रैली में 750 से अधिक लोग नहीं हो सकते, और आयोजन सभी नियमों का पालन करते हुए किया जाना चाहिए। इस मामले में शुभेंदु अधिकारी की ओर से वकील मयूक मुखोपाध्याय और राजदीप मजूमदार ने पक्ष रखा, जबकि राज्य की ओर से वकील स्वपन बंद्योपाध्याय ने दलील दी। मयूक ने तर्क दिया कि हाल ही में सत्ताधारी दल और वामपंथी दलों ने इस इलाके में कार्यक्रम आयोजित किए थे, जिन्हें अनुमति मिली थी। इस पर न्यायमूर्ति ने कहा कि अदालत किसी भी अवैध कार्य का समर्थन नहीं करती है। राज्य के वकील ने इसके जवाब में कहा कि अगर रैली को अनुमति दी जाती है, तो उसे बाघाजतिन से सुलेखा मोड़ या 8बी बस स्टैंड तक अनुमति दी जानी चाहिए। हालांकि, न्यायमूर्ति ने यह स्पष्ट कर दिया कि संबंधित थाना ही कानून-व्यवस्था की स्थिति की देखरेख करेगा। इसके बाद, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 13 मार्च तक इस इलाके में किसी भी राजनीतिक संगठन को कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## जादवपुर यूनिवर्सिटी मामले में कोलकाता हाईकोर्ट ने पुलिस की भूमिका पर उठाए सवाल

❑ **शिक्षा मंत्री की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही पर जताई चिंता**



**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय में अशांति के मामले में एक बार फिर कोलकाता हाई कोर्ट ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाया है। जस्टिस तीर्थंकर घोष ने शिक्षामंत्री ब्रत्य बसु की सुरक्षा में पुलिस की विफलता को लेकर कड़ी टिप्पणी की। उनका कहना था कि पुलिस ने मंत्री की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही की है। इस मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस घोष और वरिष्ठ वकील कल्याण बंद्योपाध्याय के बीच बहस भी हुई। 1 मार्च को जादवपुर विश्वविद्यालय में वेबिनार की वार्षिक आम बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें छात्रसंघ चुनाव और अन्य मुद्दों पर बाएं छात्र संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षामंत्री ब्रत्य बसु की गाड़ी के टायरों की हवा निकाल दी गई और उन्हें हल्की चोटें आईं। उन्हें बाद में एसएसकेएम अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। इस घटना के बाद मामला कोलकाता हाईकोर्ट में पहुंचा। सुनवाई के दौरान वकील कल्याण बंद्योपाध्याय ने कोर्ट में यह तर्क दिया कि हर जगह व्यक्तिगत सुरक्षा गार्ड लाना संभव नहीं है और राजनीतिक बैठकों में सुरक्षा गार्ड नहीं होते। हालांकि, इस तर्क पर प्रतिक्रिया देते हुए न्यायमूर्ति घोष ने कहा कि वह इस कारण से संतुष्ट नहीं हैं और राज्य के शिक्षामंत्री की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। सुनवाई के दौरान वकील कल्याण बंद्योपाध्याय और न्यायमूर्ति घोष के बीच तीखी बहस हुई। इसके बाद वकील ने स्पष्ट किया कि वह भविष्य में जादवपुर विश्वविद्यालय से संबंधित किसी भी मामले में न्यायालय में भाग नहीं लेंगे।

## स्कूल भर्ती घोटाले में अयन सिल को विशेष अदालत से मिली जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को स्कूल भर्ती घोटाले में निजी प्रमोटर अयन सिल को जमानत दे दी। यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई द्वारा दर्ज किया गया था। अदालत ने अयन सिल को एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी है। इससे पहले इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी द्वारा दर्ज मामलों में भी अयन सिल को जमानत मिल चुकी है। हालांकि, सीबीआई और ईडी के मामलों में जमानत मिलने के बावजूद अयन सिल जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। वजह यह है कि नगरपालिका भर्ती घोटाले से जुड़े मामलों में उनके खिलाफ सीबीआई और ईडी की जांच अभी जारी है और इन मामलों में भी वह गिरफ्तार दिखाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि ईडी ने मार्च 2023 में अयन सिल को स्कूल भर्ती घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान अयन सिल के घर से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए थे, जिनसे नगरपालिका भर्ती घोटाले का भी खुलासा हुआ था। बाद में, नगरपालिका भर्ती घोटाले के मामलों में भी सीबीआई और ईडी ने अयन सिल को गिरफ्तार दिखाया। आरोप है कि अयन सिल ने राज्य की 17 नगरपालिकाओं में पैसों के बदले अवैध रूप से नौकरी दिलाने का काम किया। इन 17 नगरपालिकाओं में कुल एक हजार 821 लोगों की गैरकानूनी नियुक्तियां की गईं। सीबीआई की जांच में इस घोटाले में 200 करोड़ रुपये की अवैध कमाई के लेनदेन का पता चला है। जिन 17 नगरपालिकाओं में यह गड़बड़ी हुई, उनमें अधिकतर उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जिलों की नगरपालिकाएं शामिल हैं।

# बहरमपुर जेल में कैदियों के पास मोबाइल! दो फोन बरामद, सुरक्षा पर उठे सवाल



**मुर्शिदाबाद :** बहरमपुर जेल में दो कैदियों के पास से मोबाइल फोन बरामद होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। जेल प्रशासन ने इन दोनों मोबाइल फोनों को जब्त कर लिया है, लेकिन अब यह चिंता बढ़ गई है कि आखिर कैसे ये फोन सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देकर कैदियों तक पहुंचे? साथ ही यह भी सवाल उठ रहा है कि कहीं कैदी जेल के अंदर से किसी संगठित गिरोह को चला तो नहीं रहे थे?

जेल प्रशासन और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जिन दो कैदियों के पास से फोन बरामद हुए हैं, वे गांजा और शराब की तस्करी के आरोप में जेल में बंद हैं। उनके पास से दो कीपैड मोबाइल फोन मिले हैं। अब जांच की जा रही है कि ये फोन आखिर उनके पास पहुंचे कैसे? क्या वे जेल के अंदर से ही किसी आपराधिक गिरोह का संचालन कर रहे थे? या फिर किसी तरह की साजिश की योजना बना रहे थे?

वर्तमान जेल नियमों के अनुसार, कैदी अपने परिवार के सदस्यों से एक विशेष कक्ष में जाकर फोन या वीडियो कॉल के जरिए बातचीत कर सकते हैं, और इस पूरी प्रक्रिया पर जेल प्रशासन की कड़ी निगरानी होती है। ऐसे में जेल परिसर के भीतर कैदियों के पास मोबाइल फोन का मिलना प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गया है।

फोन बरामद होने के बाद जेल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को बुलाकर उसे सौंप दिया है और इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अब यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आखिर ये फोन कैदियों तक कैसे पहुंचे और इसमें जेल के अंदर से किसी की मिलीभगत तो नहीं थी।

## अनुष्का सोहम बथवाल को वूमेनप्रेन्योर अवार्ड्स 2025 में वित्तीय सशक्तिकरण के लिए सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** धनवेस्टर की सीईओ और संस्थापक, अनुष्का सोहम बथवाल को 'हर जिंदगी वूमेनप्रेन्योर अवार्ड्स 2025' में महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें संपादक की पसंद का पुरस्कार दिल्ली के द ललित में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता सुश्री बांसुरी स्वराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। धनवेस्टर, भारत का एकमात्र महिला-केंद्रित धन प्रबंधन मंच, महिलाओं को वित्तीय साक्षरता और निवेश के अवसर प्रदान करने में मदद करता है। अनुष्का के नेतृत्व में, इस मंच ने महिलाओं को अपने वित्तीय भविष्य को नियंत्रित करने में सक्षम बनाया है। अनुष्का ने पुरस्कार प्राप्त करने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह पुरस्कार हर उस महिला को समर्पित है जिसने अपनी वित्तीय यात्रा को नियंत्रित करने का साहस किया है।

# महिला दिवस पर महिलाओं ने उठाई समानता और सशक्तिकरण की आवाज

**कोलकाता, समाज्ञा**

हर साल 8 मार्च को महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों को सम्मानित करने का दिन है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाएं अपनी सोच और अनुभव साझा करती हैं। इस वर्ष भी महिला दिवस पर कई प्रमुख महिलाओं ने अपनी राय रखी। कुछ ने महिलाओं के सशक्तिकरण की आवश्यकता पर जोर दिया, वहीं अन्य ने समानता और अवसरों के महत्व को रेखांकित किया। इस लेख में उन महिलाओं के विचारों को साझा किया गया है, जिन्होंने अपने अनुभवों से समाज में महिला अधिकारों और सशक्तिकरण की बात की।

### मेरे लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विशेष कोई महत्त्व नहीं है : डॉ मीनू बुधिया



'केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल' की संस्थापक एवं निदेशक और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ एंव काउंसलर डॉ. मीनू बुधिया कहती हैं, मेरे लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विशेष कोई महत्त्व नहीं है। मैं अपने परिवार के साथ प्रतिदिन इवॉल्व होती हूं। मेरे लिए हर वो साधारण महिला प्रेरणास्त्रोत है जो सीमित संसाधनों के बावजूद कुछ ना कुछ करने का प्रयास करती रहती है। घर हो या ऑफिस, हर जगह नर और नारी का एक अच्छा संतुलन होना चाहिए। कहीं स्त्री ज्यादा एडजस्ट करती है, तो कहीं पुरुष। सहनशीलता अनिवार्य है। हमारे राज्य की मुख्यमंत्री भी एक स्त्री ही हैं। नारी मानसिक रूप से पुरुषों से ज्यादा मजबूत होती है। आपको अपने काम और मानसिक ताकत से ही जीत हासिल करनी चाहिए। किसी भी नारी में - विनम्रता, शालीनता, आदर, समयानुकूल ढलने की क्षमता और आत्मविश्वास जैसे गुण होने चाहिए।

### मेरे लिए हर दिन महिला दिवस है : राखी चटर्जी



पैटन की एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, राखी चटर्जी कहती हैं, मैं केवल एक विशेष दिन महिला सशक्तिकरण के पक्ष में नहीं हूं। मेरे लिए हर दिन, हर वक्त महिला दिवस है। यही मैंने हमेशा माना है। विशेष रूप से एक दिन महिला दिवस कहकर महिलाओं को सम्मानित करना मुझे ठीक नहीं लगता। काम करने वाली जगहों पर महिलाओं को विशेष चुनौती का सामना करना पड़ता है, लेकिन यह चुनौती कहीं भी हो सकती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम उस चुनौती को कैसे पार कर आगे बढ़ते हैं, यही मायने रखता है। यही मेरा मूलमंत्र है और यह सबको अपनाना चाहिए। महिलाओं के लिए रिजर्वेशन रखने के बारे में मेरी राय अलग है। रिजर्वेशन का मतलब है महिलाओं को अलग श्रेणी में रखना, जो समानता के सिद्धांत से मेल नहीं खाता। दोनों को समान अवसर मिलना चाहिए। मैं युवा महिलाओं को भी संदेश देना चाहती हूं-अपने ऊपर विश्वास रखें, आत्मविश्वासी बनें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें।

### महिला दिवस केवल एक दिन नहीं, यह वर्षों का असर है : जोइता सेन



सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक और मार्केटिंग एंड डिजाइन की प्रमुख जोइता सेन, कहती हैं, महिला दिवस सिर्फ एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह वर्षों का संचित प्रभाव है। सही मानसिकता का विकास है। जिसमें खुले दिमाग, समर्थन, सम्मान और प्रोत्साहन की भावना हो, यही सशक्तिकरण की कुंजी है। बदलाव की शुरुआत घर से होती है। जब महिलाएं खुद को ज्ञानवान और सशक्त बनाती हैं, तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव है। यह हमें याद दिलाता है कि महिला दिवस केवल एक दिन मनाने की बात नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रक्रिया है जो हमें समाज में महिलाओं के योगदान को पहचानने और उनका सम्मान करने की प्रेरणा देती है।

### महिलाओं के बीच वित्तीय ज्ञान की खाई को पाटने का संकल्प : सगुन अग्रवाल



वित्त विशेषज्ञ और डेरिवेटिव ट्रेडर सगुन अग्रवाल द्वारा इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्थापित धन दीक्षा महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रही है। अर्थशास्त्र और वित्त क्षेत्र की अनुभवी विशेषज्ञ सगुन ने वर्षों तक पूंजी बाजार की जटिल दुनिया को समझा है और अब अपने इनिशिएटिव धन दीक्षा के माध्यम से महिलाओं के बीच वित्तीय ज्ञान की खाई को पाटने का संकल्प लिया है। सगुन अग्रवाल कहती हैं, वित्त सिर्फ संख्याओं के बारे में नहीं है - यह शक्ति, स्वतंत्रता और सुरक्षा का प्रतीक है। मेरा मिशन यह सुनिश्चित करना है कि हर महिला अपने पैसे को आत्मविश्वास के साथ प्रबंधित कर सके और अपनी शर्तों पर दीर्घकालिक संपत्ति बना सके।

## शहर में आज

❑ **श्री राणी सतीजी सत्संग भजन मंडली :** होली उत्सव, सायं 5.30 बजे से रात्रि 9 बजे तक, स्थान- श्री अनिल जी झुंझुनवाला, स्वर्णमणि कॉम्पलेक्स, 33ए, कैनाल स्कुलर रोड, बंगाल केमिकल एवं ई.एम.बाईपास क्रॉसिंग के पास, कोलकाता।

❑ **माहेश्वरी क्लब :** बीकानेरी गीत एवं डांडिया समारोह, रात्रि 8 बजे से, स्थान- माहेश्वरी भवन चौक में, 4, शोभाराम बेशाख स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता।

❑ **बाहेती भाईपा :** होली प्रीति सम्मेलन, सायं 4 बजे से, स्थान- एजेस बैंक्वेट्स, 5 तल्ला, 263, रवीन्द्र सारणी, गणेश टाकीज, बिग बाजार के ऊपर, बड़ाबाजार, कोलकाता।

❑ **गंगा सेवा समिति :** मां गंगा जी की आरती, सायं 6.30 बजे से, स्थान- मल्लिक घाट पम्पिंग स्टेशन, फूलकटरा, बड़ाबाजार, कोलकाता।

❑ **अमर विद्या होली ग्रुप :** होली धमाल, रात्रि 10 बजे से, स्थान- श्री गौरव जी तोषनीवाल, श्री विंध्याचल अपार्टमेंट, ए-ब्लॉक टेरेस, 35, डा0 अबनी दत्ता रोड, घास बागान मोड़, हावड़ा ए.सी. मार्केट के पास, हावड़ा।

❑ **श्री राणी सतीजी शोभायात्रा समिति :** निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा, सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक, स्थान- 24, गोयनका लेन, ढ़ाकापट्टी, बड़ाबाजार, कोलकाता।

## आज से दो दिवसीय प्रांतीय निरंकारी संत समागम कार्यक्रम

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी 8 और 9 मार्च को मौजा -तारदह कपासाटी, दक्षिण 24 परगना, कोलकाता में आयोजित होने वाले पश्चिम बंगाल के प्रांतीय निरंकारी संत समागम की तैयारी अंतिम चरण पर है। इस भव्य संत समागम को सुन्दर स्वरूप देने के लिए स्थानीय श्रद्धालुओं सहित बर्द्धमान, आसनसोल, धनबाद, झारखंड, बोकारो इत्यादि से आये सेवादल के जवान तथा श्रद्धालु-भक्त दिन-रात सेवारत हैं। जोनल इंचार्ज, मोहन प्रसाद साव ने जानकारी देते हुए बताया कि समागम स्थल को व्यवस्थित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत श्रद्धालुओं के निवास हेतु रिहायशी टैंट की व्यवस्था की गई है। भक्तों के लिए लंगर, प्याऊ, चिकित्सा, पार्किंग इत्यादि जैसी सुविधाओं का भी समुचित प्रबंध किया जा रहा है ताकि समागम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो और सभी सत्संग का भरपूर आनंद प्राप्त कर सके। समागम के प्रथम दिन का आरम्भ 8 मार्च को शोभायात्रा द्वारा किया जायेगा जिसमें सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन दर्शन से सभी श्रद्धालु भक्त लाभान्वित होंगे। संत समागम के दोनों दिन सत्संग कार्यक्रम में गीतों, कविताओं एवं विचारों से सभी भक्त आनंद की दिव्य अनुभूति प्राप्त करेंगे और अंत में सतगुरु माता जी के आशीष वचनों को श्रवण कर अपने जीवन को सार्थक बनायेंगे।

## उच्च माध्यमिक परीक्षा के नतीजे कब आएंगे? शिक्षा परिषद अध्यक्ष ने दी जानकारी

**बीरभूम :** इस समय उच्च माध्यमिक परीक्षा चल रही है और इसकी निगरानी के लिए शिक्षा परिषद के अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य अलग-अलग जिलों का दौरा कर रहे हैं। शुक्रवार को वे बीरभूम पहुंचे, जहां उन्होंने परीक्षा परिणाम घोषित होने की तारीख को लेकर अहम जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माध्यमिक परीक्षा के नतीजे घोषित होने के दो से ढाई सप्ताह के भीतर उच्च माध्यमिक परीक्षा के परिणाम भी जारी कर दिए जाएंगे। यानी मई महीने के मध्य तक उच्च माध्यमिक परीक्षा के नतीजे घोषित होने की संभावना है। चिरंजीव भट्टाचार्य ने यह भी बताया कि परीक्षा परिणाम की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, ताकि किसी भी तरह की त्रुटि से बचा जा सके। उनका कहना है कि वे जल्द से जल्द और सटीक परिणाम जारी करने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## 'बहुत बड़े लालची हैं पार्थ, रुपये मिलते ही आंखें बंद कर लेते हैं'

✒ **शिक्षक भर्ती घोटाले के मुख्य आरोपितों में से एक सुजयकृष्ण भद्र ने ऑडियो क्लिप में कहा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती घोटाले में सीबीआई के हाथ लगी ऑडियो क्लिप में मुख्य आरोपितों में से एक सुजयकृष्ण भद्र को यह कहते सुना गया है कि पार्थ चटर्जी (पूर्व शिक्षा मंत्री) बहुत बड़े लालची हैं। रुपये मिलते ही आंखें बंद कर लेते हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने भर्ती घोटाले में दाखिल अपने तीसरे आरोपपत्र में इसका उल्लेख किया है। इस ऑडियो क्लिप में सुजयकृष्ण की पूर्व टीएमसी नेता कुंतल घोष व शांतनु बनर्जी के साथ बातचीत शामिल है। बातचीत के अनुसार, सुजयकृष्ण शांतनु और कुंतल के साथ सलाह-मशविरा कर रहा था कि नौकरी चाहने वालों से कैसे पैसे ऐंठे जाएं और कैसे पैसे देकर पार्थ को चुप कराया जाए। बातचीत के दौरान सुजय ने कहा कि पार्थ चटर्जी को मुझसे बेहतर कौन जानता है। मैं उन्हें वर्षों से जानता हूं। अगर उन्हें 20 करोड़ रुपये दे दिए जाएं तो वे अपनी आंखें बंद कर लेंगे। सुजयकृष्ण वित्तीय लेनदेन और कुंतल घोष, शांतनु बनर्जी और बिचौलियों के साथ बैठकों से पहले बेहाला के घर में सीसीटीवी कैमरे बंद कर देता था। सीबीआई ने अदालत में दस्तावेज पेश करके यह दावा किया है। सीबीआई ने तीनों की आवाज के नमूने एकत्र किए हैं। नमूने को फोरेंसिक जांच के लिए दिल्ली भेज दिया गया है। जांचकर्ता आवाज के नमूने की तुलना ऑडियो से करेंगे। ऑडियो में किए गए दावों की भी जांच की आवश्यकता है।

# स्वर्ण पदक जीतकर लौटा छात्र, स्कूल में हर्षोल्लास का माहौल



**हुगली :** सिंगुर के नंदा बोर्ड प्राइमरी स्कूल के कक्षा तीन के छात्र हिरन कोले ने 40वीं राज्य वार्षिक खेल प्रतियोगिता (जिम्नास्टिक) में स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता शालबनी में आयोजित हुई थी। इससे पहले, हिरन ने 2024 में बरहामपुर में आयोजित 39वीं राज्य प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था।

जब हिरन स्वर्ण पदक लेकर स्कूल पहुंचा, तो छात्रों और शिक्षकों ने उसका गर्मजोशी से स्वागत किया। उसके सहपाठियों ने जश्न में उसे स्कूल परिसर में ट्रिपल जंप करने का अनुरोध किया, जिसे उसने खुशी-खुशी पूरा किया। उसकी शानदार उपलब्धि के उपलक्ष्य में स्कूल प्रशासन ने मध्याह्न भोजन में विशेष रूप से चावल, चिकन और टमाटर की चटनी परोसी।

हिरन का सपना बड़ा होकर एक सफल इंजीनियर बनने के साथ-साथ जिम्नास्टिक्स में भी ऊंचाइयों तक पहुंचने का है। हालांकि, उसके पिता पुलिस विभाग में होमगार्ड के रूप में कार्यरत हैं, और परिवार आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन हिरन की लगन और मेहनत उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही है।

❑ **प्रधानाध्यापक की प्रतिक्रिया**

स्कूल के प्रधानाध्यापक कुंतल चट्टोपाध्याय नंदा ने कहा, हिरन न केवल पढ़ाई में बल्कि खेल में भी अव्वल है। उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों पर स्कूल को गर्व है, और हम उसकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

हिरन की इस उपलब्धि से पूरे स्कूल में उत्साह का माहौल है, और सभी को उम्मीद है कि वह भविष्य में भी ऐसे ही सफलता के झंडे गाड़ेगा।

## अब से खंडपीठ में नहीं होगी जमानत संबंधी मामलों की सुनवाई



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय की कार्यप्रणाली में बड़े बदलाव आने वाले हैं। अब से किसी भी मामले की सुनवाई खंडपीठ में नहीं होगी। केवल वही पीठ विशिष्ट मामले की सुनवाई करेगी। इस मामले के संबंध में पहले ही अधिसूचना जारी कर दी गई है। बता दें कि अब तक हाईकोर्ट में जमानत, अग्रिम जमानत और जमानत रद्द करने से संबंधित सभी मामलों की सुनवाई डिवीजन बेंच द्वारा की जाती थी। इस बार, यह नियम बदल जाएगा। अब से जमानत संबंधी मामलों की सुनवाई खंडपीठ में नहीं होगी। अब तक ऐसे मामलों की सुनवाई कलकत्ता उच्च न्यायालय के प्रक्रिया नियम के नियम 9(2) के अनुसार डिवीजन बेंच द्वारा की जाती थी। इस बार, ऐसे मामलों की सुनवाई एकल पीठ द्वारा की जाएगी। न्यायालय रजिस्ट्रार द्वारा जारी अधिसूचना में यह कहा गया। हालांकि, अधिसूचना के अनुसार, यदि मृत्युदंड और न्यूनतम सात वर्ष की सजा वाले व्यक्ति निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हैं, तो मामले की सुनवाई खंडपीठ द्वारा की जाएगी। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि आजीवन कारावास से रिहाई से संबंधित मामलों की सुनवाई भी खंडपीठ द्वारा की जाएगी।

# पूर्व रेलवे ने फरवरी तक कुल माल लोडिंग में 15% से अधिक वृद्धि की दर्ज



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने फरवरी 2025 के महीने में अपने अब तक के सबसे उच्चतम माल लोडिंग की रिकॉर्डिंग की है, जिसमें 8.50 मिलियन टन माल लोड हुआ, जो पिछले वर्ष के 8.46 मिलियन टन से 0.47% अधिक है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि पूर्व रेलवे की माल परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाने और भारत की आर्थिक वृद्धि में अपनी भूमिका को बढ़ाने के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। फरवरी में मिली इस उल्लेखनीय सफलता के परिणामस्वरूप, फरवरी 2025 तक पूर्व रेलवे की अनुमानित माल लोडिंग 88.25 मिलियन टन तक पहुंच गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 76.43 मिलियन टन से 15.47% की बड़ी वृद्धि को दर्शाता है।

माल लोडिंग में वृद्धि पूर्व रेलवे के निरंतर प्रयासों का परिणाम है, जिसमें संचालन का अनुकूलन, अवसंरचना में सुधार और माल परिवहन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी सेवाओं का विस्तार शामिल है। रेलवे क्षेत्र का सक्रिय दृष्टिकोण और समय पर और प्रभावी ढंग से माल परिवहन सुनिश्चित करना इन मील के पत्थरों को हासिल करने में महत्वपूर्ण रहा है। पूर्व रेलवे अपने माल परिवहन क्षमता को और बढ़ाने और अपने ग्राहकों की विविध परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समर्पित है।

## पूर्व रेलवे ने ट्रैक्शन ऊर्जा बचत और जीवाश्म ईंधन खपत में कमी के लिए उठाए कदम

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने अपने निरंतर प्रयासों से जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करने और ट्रैक्शन ऊर्जा की बचत के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हालांकि विद्युत ट्रैक्शन को हरा ऊर्जा माना जाता है, इसके उत्पादन में जीवाश्म ईंधन की आवश्यकता होती है। ऐसे में, विद्युत ऊर्जा की खपत में बचत से कार्बन फुटप्रिंट में भी कमी आती है। पूर्व रेलवे ने जनवरी 2025 में पावर फैक्टर में सुधार करके ट्रैक्शन ऊर्जा बिल में 32.61 लाख रुपये की बचत की। इस साल के पहले 11 महीनों में पावर फैक्टर सुधार से कुल बचत 3.67 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। पूर्व रेलवे के पास 362 तीन-फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स हैं, जिनसे ब्रेक लगाने के दौरान 1,80,51,558 किलोवाट ऊर्जा पुनः प्राप्त हुई। फरवरी 2025 में, इन लोकोमोटिव्स से ऊर्जा की बचत के रूप में लगभग 13.47 करोड़ रुपये की बचत की गई।

इसके अलावा, पूर्व रेलवे ने डीजल लोकोमोटिव्स को बिना उपयोग के होने पर बंद करने का निर्णय लिया है, जिससे उच्च गति डीजल की खपत में कमी आई है। जनवरी 2025 में 877 डीजल लोकोमोटिव्स को बंद करने से 390.532 किलोलीटर एचएसडी तेल की बचत हुई, जिसकी आर्थिक मूल्य 3.64 करोड़ रुपये थी। इन सभी पहलुओं के साथ, पूर्व रेलवे पर्यावरणीय स्थिरता के लिए सतत विकास की दिशा में एक हरित रेलवे की ओर बढ़ रहा है।

# सियालदह में चाहक किड्स अकादमी को मिला नया स्कूल भवन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन, सियालदह द्वारा वंचित बच्चों के लिए एक मानार्थ प्राथमिक विद्यालय चाहक किड्स अकादमी चलाया जाता है। जिसका उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा प्रदान करना है। चाहक किड्स अकादमी की शुरुआत अप्रैल 2013 में 30 छात्रों, 3 शिक्षकों और 1 गैर-शिक्षण कर्मचारी के साथ हुई थी। कोविड-19 महामारी के कारण मार्च 2020 में विद्यालय अस्थायी रूप से बंद हो गया था, लेकिन 3 जुलाई 2023 को इसे पुनः खोला गया। वर्तमान में विद्यालय में 65 छात्र और 3 शिक्षक हैं, जो शिक्षा के नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं।

शुक्रवार को इस अकादमी के नए बिल्डिंग का उद्घाटन किया गया। इस बिल्डिंग में 3 आधुनिक कक्षाओं, 1 शिक्षक कक्ष और 1 शौचालय की व्यवस्था है। यह उद्घाटन सियालदह, ईआरडबल्यूडबल्यूओ की अध्यक्ष गुंजन निगम एवं अन्य गणमान्य अतिथि की उपस्थिति में पूर्व रेलवे, ईआरडबल्यूडबल्यूओ की अध्यक्ष सीमा देउस्कर ने किया। सीमा देउस्कर ने अपने संबोधन में कहा, हमने हमेशा शिक्षा की शक्ति पर विश्वास किया है और यह नया बिल्डिंग हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# पूर्वोत्तर में पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपार संभावनाएं : केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार

**❑ उत्तर पूर्व विकास मंत्रालय ने कोलकाता में आयोजित किया व्यापार व निवेश रोड शो**

**❑ पूर्वोत्तर में मौजूद अपार अवसरों पर दी गई प्रस्तुति**




**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय ने पूर्वोत्तर राज्यों में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए शुक्रवार को कोलकाता में एक व्यापार और निवेश रोड शो का आयोजन किया। केंद्रीय शिक्षा एवं उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास राज्यमंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने इस रोड शो का उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के सांख्यिकी सलाहकार धर्मवीर झा के साथ पूर्वोत्तर राज्यों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में उद्यमी इस निवेश सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर सुकांत मजूमदार ने कहा कि पश्चिम बंगाल लंबे समय से पूर्वोत्तर भारत के प्रवेश द्वार के रूप में काम करता रहा है, जो व्यापार, रसद और औद्योगिक सहायता को सुविधाजनक बनाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की 'एक्ट ईस्ट पालिसी' और नार्थ ईस्ट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट स्कीम ने पूर्व और पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास व निवेश को बढ़ावा देने के साथ संबंधों को मजबूत किया है, जिससे माल, सेवाओं और पूंजी की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हुई है और कोलकाता के बंदरगाह, रेलवे और सड़कें चाय, मसाले, हस्तशिल्प और जैविक उत्पादों सहित पूर्वोत्तर के निर्यात की जीवन रेखा हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूर्वोत्तर में पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि विनिर्माण, वित्त और डिजिटल बुनियादी ढांचे में कोलकाता की विशेषज्ञता के साथ, अक्षय ऊर्जा, पर्यटन और आतिथ्य, आइटी और डिजिटल अर्थव्यवस्था, कृषि और संबद्ध उद्योग और खेल और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना संभव है। उन्होंने कहा कि उत्तर-पूर्व में भारत की कुल जलविद्युत क्षमता का 40 प्रतिशत हिस्सा है, जो इसे भारत के हरित ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाता है। केंद्रीय मंत्री ने तवांग, सोहरा, माजुली और लोकतक झील जैसे मनोरम स्थानों में इको-टूरिज्म के लिए अपार संभावनाएं बताईं। उन्होंने पूर्वोत्तर से निर्यात के अवसरों के बारे में भी बात की। खासकर जैविक चाय, काला चावल, लकडोंग हल्दी और विदेशी फल, बांस हस्तशिल्प और हथकरघा के निर्यात के बारे में। मजूमदार ने बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों के बीच मजबूत औद्योगिक तालमेल बनाने पर जोर दिया, ताकि ये दोनों क्षेत्र भारत के आर्थिक परिवर्तन की आधारशिला बन सकें। उन्होंने निवेशकों और अन्य हितधारकों से इन दोनों क्षेत्रों के आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए निवेश का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 2013 में उस क्षेत्र मात्र नौ हवाई अड्डों की तुलना में 2023 तक 17 हवाई अड्डों का परिचालन शुरू हो गया।

**❑ पूर्वोत्तर राज्यों को 97,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले**

मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनके मंत्रालय द्वारा देश के विभिन्न शहरों में आयोजित व्यापार और निवेश रोड शो से पूर्वोत्तर राज्यों को अब तक समझौता ज्ञापनों और आशय पत्रों के माध्यम से लगभग 97,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मजूमदार ने कहा कि बंगाल, जिसका हल्दिया और दुर्गापुर में एक समृद्ध औद्योगिक आधार था, अपनी भौगोलिक निकटता और रसद लाभों के कारण पूर्वोत्तर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**❑ सांख्यिकी सलाहकार धर्मवीर झा ने पूर्वोत्तर में मौजूद अपार अवसरों से कराया अवगत**

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के सांख्यिकी सलाहकार धर्मवीर झा ने पूर्वोत्तर में मौजूद अपार अवसरों पर एक प्रस्तुति दी, जिसमें जनसांख्यिकीय लाभ, खनिज संसाधन, कृषि संसाधन, पर्यटन और आतिथ्य निधि, नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन, कनेक्टिविटी अवसंरचना, परिवर्तनकारी पहल, अवसंरचना और रसद, कृषि व संबद्ध उद्योगों में अवसर, शैक्षिक और कौशल विकास, मनोरंजन और खेल आदि का उल्लेख किया। रोड शो में बी2जी (बिजनेस-टू-गवर्नमेंट) मीटिंग भी शामिल थी, जो निवेशकों के लिए राज्य के प्रतिनिधियों से सीधे जुड़ने और पूर्वोत्तर क्षेत्र में क्षेत्रीय अवसरों का पता लगाने का एक अनूठा मंच था।

## एंबुलेंस न मिलने पर महिला मरीज की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के श्यामपुर स्थित कमलपुर ग्रामीण अस्पताल में एक महिला मरीज की समय रहते इलाज न मिल पाने के कारण मौत हो गई। मृत महिला का नाम सुलताना बेउवा (55) नामक महिला, जो दक्षिण 24 परगना के कैनिंग की रहने वाली है। महिला कुछ दिन पहले श्यामपुर में अपनी बेटी के घर आयी थी। गुरुवार रात अचानक महिला के सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ शुरू हुई। महिला को तुरंत कमलपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे उलुबेड़िया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। आरोप है कि अस्पताल में कई एंबुलेंस खड़ी थी, लेकिन रात का समय होने के कारण कोई भी चालक एंबुलेंस में मरीज को ले जाने को तैयार नहीं हुआ। इस कारण मरीज की देर रात मौत हो गई। इसके बाद गुस्साएं परिजन और स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए। हावड़ा जिला के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी किशलय दत्त ने घटना की जांच का आदेश दिया है।

## फर्जी फेसबुक अकाउंट विवाद में भड़का बीजेपी कार्यकर्ताओं का गुस्सा, पुलिस से झड़प, कई महिलाएं घायल

**हुगली :** फेसबुक पर फर्जी अकाउंट बनाकर बीजेपी महिला नेत्री के खिलाफ अभद्र दुष्प्रचार करने का आरोप तृणमूल कांग्रेस पर लगा है। इस मामले के सामने आने के बाद बीजेपी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश फैल गया। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे चंदननगर रानी घाट से स्थानीय बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकालकर थाने का घेराव किया। इस दौरान पुलिस और बीजेपी समर्थकों के बीच हल्की झड़प हो गई।



प्रदर्शनकारियों ने चंदननगर स्टैंड रोड को घंटों जाम कर दिया, जिससे इलाके में तनाव बढ़ गया। बाद में बीजेपी का एक प्रतिनिधि मंडल थाने पहुंचा और आईसी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। लेकिन जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने का प्रयास किया, तो स्थिति और बिगड़ गई। आरोप है कि पुलिस ने बल प्रयोग किया, जिससे कई बीजेपी महिला कार्यकर्ता घायल हो गईं।

इस मामले में तृणमूल कांग्रेस की आई-पैक टीम पर आरोप लगाया गया है। चंदननगर दक्षिण मंडल सभानेत्री सुनंदा साहा के खिलाफ फर्जी अकाउंट बनाकर अपमानजनक दुष्प्रचार करने का आरोप तृणमूल के एक गुट पर है। इसी आरोप के आधार पर सुनंदा साहा ने पांच दिन पहले चंदननगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी, लेकिन शुक्रवार सुबह तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

पुलिस की निष्क्रियता के विरोध में बीजेपी समर्थकों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया, जिससे इलाका तनावग्रस्त हो गया और हालात रणक्षेत्र में तब्दील हो गए।

## चुनाव से पहले बीजेपी ने मुरलीधर सेन लेन कार्यालय के नवीनीकरण का दिया आदेश

**कोलकाता :** बंगाल बीजेपी का मुख्यालय दो साल पहले ही आधिकारिक रूप से 6, मुरलीधर सेन लेन से बदलकर सॉल्टलेक के सेक्टर फाइव में आधुनिक सुविधाओं से लैस नए कार्यालय में स्थानांतरित हो चुका है। लेकिन 2026 के चुनाव से पहले, पार्टी एक बार फिर अपने पुराने दफ्तर मुरलीधर सेन लेन को सक्रिय करने की योजना बना रही है। बताया जा रहा है कि बंगाल बीजेपी के नेता इस ऐतिहासिक पार्टी कार्यालय का नवीनीकरण कर उसे चुनावी गतिविधियों के लिए तैयार करना चाहते हैं।

फिलहाल, बीजेपी का सारा संगठनीक कार्य सॉल्टलेक के नए कार्यालय से संचालित हो रहा है, जहां पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी बैठते हैं। लेकिन चुनाव के दौरान बीजेपी अक्सर एक साथ कई कार्यालय खोलती है। जैसे, 2021 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने हेस्टिंग्स में एक आलीशान इमारत के चार मंजिल किराए पर लेकर वहां से अपना चुनाव प्रबंधन किया था। वहीं, 2023 के पंचायत चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में सेक्टर फाइव का कार्यालय राज्य बीजेपी का 'वॉर रूम' बन गया था। इस बार भी कुछ ऐसा ही किया जाएगा। मुख्य संगठनीक कार्य सेक्टर फाइव के कार्यालय से संचालित होगा, जबकि अन्य चुनावी गतिविधियों के लिए अलग से कार्यालय तैयार किए जाएंगे।

इस समानांतर कार्य प्रणाली के तहत मुरलीधर सेन लेन के पुराने कार्यालय को फिर से उपयोग में लाने का फैसला किया गया है। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, इस भवन में एक कॉल सेंटर स्थापित किया जाएगा। 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले भी इसी पुराने कार्यालय की ऊपरी मंजिल पर एक कॉल सेंटर बनाया गया था, जहां से मतदाताओं को सीधे फोन कर सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों पर उनकी राय ली जाती थी। साथ ही, पार्टी के कार्यक्रमों की प्रगति की निगरानी भी इसी कॉल सेंटर से की जाती थी। इस बार भी उसी रणनीति को दोहराने की योजना बनाई जा रही है।

बीजेपी नेतृत्व का मानना है कि मुरलीधर सेन लेन कार्यालय की ऐतिहासिक और राजनीतिक महत्ता को देखते हुए इसे फिर से चुनावी गतिविधियों के केंद्र के रूप में इस्तेमाल करना एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## राज्यपाल ने कुलपतियों के साथ की बैठक



**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय में हुई घटना को एक सप्ताह बीत गया है। लेकिन, घटना के परिणाम अभी भी बने हुए हैं। घटना को लेकर राजनीतिक तनाव भी लगातार जारी है। इस स्थिति के बीच राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार को विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक की। बैठक में क्या जादवपुर की घटना उनकी चर्चा में आई? यद्यपि, राज्यपाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलपतियों के साथ हुई चर्चा की झलक तो दी, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि जादवपुर विश्वविद्यालय के मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने इसका कारण भी बताया। राज्यपाल ने कहा कि बैठक में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय परिसर में हुई हिंसा की घटनाओं पर चर्चा हुई। हर कोई इस बात पर चर्चा कर रहा है कि इस संदर्भ में क्या कदम उठाए जा सकते हैं।

राज्यपाल के अनुसार, विश्वविद्यालय परिसरों में सुरक्षा बढ़ाई जानी चाहिए और इसके लिए टीमें गठित की जानी चाहिए। उनका मानना है कि यदि भयमुक्त वातावरण बनाया जाए तो किसी भी प्रकार की हिंसा से मुक्ति संभव है। इस बीच, कुलपतियों ने बताया कि विश्वविद्यालय की कुछ समस्याओं पर चर्चा हुई। सभी चर्चाओं के मुख्य बिंदुओं को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ध्यान में भी लाया जाएगा। वह कार्रवाई करेंगी। बता दें कि जादवपुर विश्वविद्यालय मामला फिलहाल अदालत में लंबित है। कलकत्ता उच्च न्यायालय में मामला दायर होने के बाद न्यायालय ने कई आदेश भी जारी किये। इसीलिए सभी ने कहा कि बैठक में विश्वविद्यालय में हुई घटना पर चर्चा नहीं हुई। उनका स्पष्ट कहना है कि कोई भी लंबित मामले पर चर्चा नहीं करना चाहता।

## सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने महिला दिवस पर 'शीफॉरहर' अभियान की शुरुआत की



**कोलकाता, समाज्ञा**

सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने महिला दिवस 2025 के अवसर पर 'शीफॉरहर' अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत 'बी नॉलेजेबल.बी एंपावर्ड' श्रृंखला के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जानकारी प्रदान की गई। सेनको की निदेशक और मार्केटिंग प्रमुख, जोइता सेन ने इस अभियान पर टिप्पणी करते हुए कहा, महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह 365 दिनों का उत्सव है। सेनको में हम हर महिला का हर दिन उत्सव मनाते हैं। हम उन 'क्वीन' का उत्सव मनाते हैं जो एक-दूसरे का ताज सजा देती हैं। एमडी और सीईओ, सुवांकर सेन ने कहा, अब जब सोने की कीमतें अपने उच्चतम स्तर पर हैं, हमने फ्लैक्सी एडवांस प्लान लॉन्च किया है, जिससे ग्राहक अपने गहनों की बुकिंग कम कीमत पर कर सकते हैं। सेनको ने महिला दिवस पर विशेष ऑफर भी पेश किए हैं, जो 17 मार्च 2025 तक सभी शोरूम्स और ऑनलाइन चैनलों पर उपलब्ध हैं। ऑफर्स में सोने, हीरे, और चांदी के गहनों पर भारी छूट शामिल है।

## हाईकोर्ट के आदेश से तारकेश्वर-बिष्णुपुर रेल परियोजना में नई उम्मीदें, काम होगा शुरू



**कोलकाता, समाज्ञा :** हाईकोर्ट के आदेश से अब तारकेश्वर-बिष्णुपुर रेल परियोजना को लेकर नई उम्मीदें जग गई हैं। इस परियोजना के अंतर्गत भावादिघी क्षेत्र के काम को अगले तीन महीने में पूरा करने का निर्देश मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की डिवीजन बेंच ने दिया। इसके साथ ही, जहां भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजा पहले ही दिया जा चुका है, वहां काम छह सप्ताह के अंदर शुरू करने का आदेश भी दिया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि वह रेल अधिकारियों को पूरी तरह से सहयोग दे और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं का समाधान करे। तारकेश्वर-बिष्णुपुर रेल परियोजना का काम पिछले आठ वर्षों से रुका हुआ था। गोघाट और कमारपुकुर के बीच भावादिघी में रेलमार्ग निर्माण के खिलाफ स्थानीय लोगों ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट कहा, 2.5 लाख लोगों के हित के मुकाबले 250 सौ लोगों के हित को प्राथमिकता नहीं दी जा सकती। मुख्य न्यायाधीश ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस परियोजना को तेजी से पूरा करने के लिए अधिक पहल करनी चाहिए। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने यह तर्क रखा कि दिघी के ऊपर रेलमार्ग बनने से जल प्रवाह में रुकावट आएगी, लेकिन अदालत ने उनके तर्क को खारिज कर दिया।

## पुलिस अधिकारी बनकर जबरन वसूली करने के आरोप में केंद्रीय बल के दो जवान गिरफ्तार

### वाहन चेकिंग के नाम पर दोनों कर रहे थे वसूली

**बांकुड़ा :** जिले के विष्णुपुर इलाके से पुलिस अधिकारी बनकर वाहन चेकिंग के नाम पर जबरन वसूली करने के आरोप में पुलिस ने केंद्रीय बल के दो जवानों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार लोगों के नाम अभिजीत चक्रवर्ती और संजू घोष हैं। इनमें बीएसएफ में कार्यरत बताए जा रहे अभिजीत बांकुड़ा जिले के बिष्णुपुर कस्बे के वार्ड छह, जबकि आइटीबीपी में कार्यरत संजू बिष्णुपुर शहर के वार्ड दो के नतून महल इलाके का निवासी है। दोनों छुट्टी पर घर आए थे। आरोप है कि दोनों बिष्णुपुर इलाके में सड़क किनारे खड़े होकर पुलिस अधिकारी बनकर हेलमेट चेकिंग के नाम पर बारी-बारी से बाइक सवारों से पैसे वसूल रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को बिष्णुपुर थाना अंतर्गत एमआइटी चौराहे के पास से दबोच लिया। बताया जा रहा है कि छुट्टी पर घर आए केंद्रीय बल के दोनों जवानों ने फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर उस अवसर का इस्तेमाल धन उगाही करने के लिए किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार की शाम बिष्णुपुर से कोतुलपुर जाने वाले राज्य राजमार्ग पर एमआइटी चौराहे के पास दोनों जवानों ने एक के बाद एक बिना हेलमेट पहने कई बाइक सवारों को रोककर जुर्माना वसूलना शुरू किया। दोनों सादे कपड़ों में थे। जुर्माना वसूलने के बाद सरकारी रसीद भी नहीं दी जा रही है। इसपर संदेह होने पर एक बाइक सवार ने बिष्णुपुर थाने में इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों जवानों को पकड़ लिया। दोनों को बिष्णुपुर थाने में लाकर पूछताछ की गई। बाद में, एक बाइक सवार की लिखित शिकायत के आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में, बिष्णुपुर के एसडीपीओ सुप्रकाश दास ने कहा कि दोनों युवक पुलिस अधिकारी बनकर हेलमेट चेकिंग के नाम पर पैसे वसूल रहे थे। उन्होंने बिना हेलमेट पहने कई बाइक सवारों से लगभग 600 रुपये वसूले। हमने गिरफ्तार लोगों से वह पैसा बरामद कर लिया है। दोनों के खिलाफ विशेष धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जानकारी बीएसएफ और आइटीबीपी के अधिकारियों को भी दे दी गई है।

## पत्नी को जलाकर मार डालने के जुर्म में पति को आजीवन कारावास की सजा



**कोलकाता, समाज्ञा :** अपनी पत्नी को जलाकर मार डालने के जुर्म में एक पति को बारासात की एक अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बारासात न्यायालय की फास्ट ट्रैक द्वितीय न्यायाधीश संयुक्ता सेनगुप्ता ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उल्लेखनीय है कि 2019 में, विधान की बेटी स्वप्ना की शादी बारासात के श्मशान घाट नवपल्ली निवासी चंचल दास से हुई थी। शादी के बाद पति-पत्नी अलग किराए के मकान में रहते थे। कथित तौर पर, स्वप्ना को 28 दिसंबर को जली हुई अवस्था में किराए के घर से बचाया गया था। अगले दिन स्वप्ना के पिता ने अपने दामाद के खिलाफ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके दामाद ने उनकी बेटी को आग लगाकर मार डाला। उन्होंने दत्तपुकुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई। एसआई मनोज कुमार दास ने जांच शुरू की। स्वप्ना का 95 प्रतिशत जल जाने के बाद अस्पताल में इलाज चल रहा था। स्वप्ना की 2 जनवरी 2022 को बारासात अस्पताल में मृत्यु हो गई। बारासात अस्पताल में इलाज के दौरान स्वप्ना ने मृत्यु पूर्व बयान दिया। उसने बताया कि उसके पति ने उस पर मिट्टी का तेल डाला और माचिस जलाकर आग लगा दी। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 498, 304बी और 302 के तहत आरोपपत्र दायर किया गया।

## मालदह में रिश्वत देने से इनकार करने पर वाहन चालक की सिविक वॉलंटियरों ने की पिटाई

**❑ मामला दर्ज, तीनों आरोपी सिविक वॉलंटियर किए गए क्लोज**




**मालदह :** जिले में तीन सिविक वॉलंटियर्स के खिलाफ घूस देने से इनकार करने पर एक मालवाहक वाहन के चालक की पिटाई करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में जिला पुलिस ने शुक्रवार को तीनों सिविक वॉलंटियरों को क्लोज कर दिया है। तीनों सिविक वॉलंटियर्स के नाम सहजमल, अशमुल हक और असद अली है। दरअसल, गुरुवार की दोपहर को हरिश्चंद्रपुर पुलिस थाने के तीन सिविक वॉलंटियरों ने रशीदाबाद ग्राम पंचायत के वेलाबारी नाका पॉइंट पर एक मालवाहक वाहन के चालक रुहुल अमीन से एक हजार रुपये की मांग की। जिस पर अमीन ने 500 रुपये देने की पेशकश की तो स्वयंसेवकों ने इनकार कर दिया और उसे वाहन से बाहर खींचकर उसकी पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल चालक को हरिश्चंद्रपुर ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चालक ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी। मालवाहक वाहन में सवार एक व्यक्ति ने दावा किया कि वे दलखोला बाजार से मवेशियों को ले जा रहे थे, तभी तीन सिविक वॉलंटियर्स ने उन्हें रोका और एक हजार रुपये की मांग की। इधर, शिकायत मिलने पर पुलिस के होश उड़ गए। सीसीटीवी फुटेज से लेकर विभिन्न पहलुओं पर गौर करते हुए जांच शुरू की गई। जिसके बाद मालदह जिला पुलिस ने सहजमल, अशमुल हक और असद अली नामक तीनों सिविक वॉलंटियर्स क्लोज कर दिया। जिला पुलिस के तरफ से कहा गया है कि कि अगर उन पर लगे आरोप साबित हुए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## स्टॉक ब्रोकिंग फर्म के नाम पर 1.73 करोड़ की ठगी, गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

**कोलकाता/हावड़ा :** स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी का फर्जी लोगो बनाकर 1.73 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लालबाजार साइबर थाना की टीम ने शुक्रवार सुबह 9 बजे तकनीकी निगरानी और पहले गिरफ्तार आरोपी चंदन चौरसिया के बयान के आधार पर गणेशी लाल ओझा (45) को धर्मतला रोड, हावड़ा में उसके दोस्त विजय शर्मा के फ्लैट से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए। उसे मेडिकल जांच के बाद केंद्रीय लॉकअप में रखा गया है और आज उसे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**❑ कैसे हुआ 1.73 करोड़ का फर्जीवाड़ा?**



साइबर पुलिस केस संख्या 101/24 के तहत दर्ज इस मामले में आरोपियों ने एक स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी का फर्जी लोगो तैयार किया और निवेशकों को ऊंचे रिटर्न का झांसा देकर उनसे 1.73 करोड़ रुपये ठग लिए। जांच में सामने आया कि इस ठगी की रकम में से 35 लाख रुपये दीपु असम नामक व्यक्ति के बंधन बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए। इनमें से 5.36 लाख रुपये आगे आरबीएल बैंक (गिरीश पार्क शाखा) के एक खाते में भेजे गए।

इसके बाद, जांच में पता चला कि महेंद्र कुमार (पिता अर्जुन राम) ने इस पैसे को चेक के जरिए निकाला। सीसीटीवी फुटेज में उसे पैसा निकालते हुए साफ देखा गया, जिसके बाद पुलिस ने 13 फरवरी को रात 8:40 बजे कोलकाता के रम्मॉय रोड स्थित उसके किराए के घर से उसे गिरफ्तार किया।

**❑ गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी**

महेंद्र कुमार से पूछताछ के बाद उसके दो और सहयोगी जय किशन (पिता सूरजा राम) और सुरेंद्र कुमार (पिता अशोक कुमार) को भी उसी किराए के घर से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से तीन मोबाइल फोन, एक आईफोन, आठ बैंक चेकबुक, एक पासबुक, नौ एटीएम कार्ड, एक सिम कार्ड, 1.5 लाख रुपये नकद, तीन कंपनी के होर्डिंग्स, स्टांप और कई अन्य दस्तावेज बरामद किए गए। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी की गई।


तीनों आरोपी 11 मार्च तक न्यायिक हिरासत में हैं। वहीं, चंदन चौरसिया को 21 फरवरी को गोलाबाड़ी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन वह फिलहाल जमानत पर बाहर है।

गिरफ्तार आरोपियों के बयानों और आगे की जांच के आधार पर पुलिस ने आज सुबह छापेमारी कर गणेशी लाल ओझा को गिरफ्तार किया। पुलिस अब इस मामले में बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## गृहिणी से घनिष्ठता बढ़ाकर बच्चे को लेकर फरार हुई महिला, हावड़ा स्टेशन पर मचा हड़कंप

**हावड़ा :** एक अजनबी महिला से बातचीत करना एक गृहिणी के लिए भारी पड़ गया। विश्वास में लेकर उसने तीन साल की बच्ची को अगवा कर लिया, जिससे हावड़ा स्टेशन पर हड़कंप मच गया। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध महिला की तस्वीर कैद हुई है, लेकिन अब तक उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सका है और बच्ची का भी कोई पता नहीं चला है। रेलवे पुलिस के अनुसार, दक्षिण 24 परगना के लक्ष्मीकांतपुर में अपने ससुराल जाने के लिए एक महिला हावड़ा स्टेशन पहुंची थी। उसके साथ उसकी सात साल और तीन साल की दो बेटियां भी थीं। रात हो जाने के कारण वह स्टेशन पर ही ठहर गई। इसी दौरान एक अजनबी महिला से उसकी बातचीत होने लगी। दोनों के बीच इतनी घनिष्ठता बढ़ गई कि वह महिला गृहिणी की बेटियों के साथ खेलने लगी। रात में दोनों बेटियों को अपने पास सुलाकर गृहिणी भी सो गई। लेकिन जब सुबह उसकी नींद खुली, तो उसने देखा कि उसकी छोटी बेटी गायब है और वह अजनबी महिला भी नजर नहीं आ रही थी। बच्ची को न पाकर महिला फूट-फूटकर रोने लगी। अन्य यात्रियों की सलाह पर उसने हावड़ा जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें संदिग्ध महिला को प्लेटफॉर्म नंबर 1 के पास से सबवे की ओर जाते हुए देखा गया। इसके बाद वह हावड़ा बस स्टैंड की ओर बढ़ गई। पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी हुई है, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। हावड़ा जैसे व्यस्त स्टेशन पर इस तरह की घटना ने न सिर्फ बच्ची के परिवार बल्कि अन्य यात्रियों को भी चिंतित कर दिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और बच्ची की सकुशल बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

**यादव परिवार में शोक**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्यारे पिताजी (राज कुमार यादव) का स्वर्गवास दिनांक 6 मार्च 2025 को हो गया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

**-शोकाकुल परिवार-**

**शशि देवी यादव (धर्मपत्नी)**

सूरज कुमार यादव, निधी यादव (पुत्र-वधु)
किशन कुमार यादव, संध्या यादव (पुत्र-वधु)
तारा यादव, दीपू यादव (पुत्री-दामाद)
चंदा यादव, संतोष यादव (पुत्री-दामाद)
किरन यादव, गौतम सिंह (पुत्री-दामाद)

*** नाती,नतनी, पोता, पोती ***

रूची, साक्षण, आदु, ओनु,पुकी,गुन्नू, अंशु, वंशु

**समस्त परिवारगण एवं मित्रगण**

**मोबाइल नम्बर : 9903741997/9831994712**

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में संत रविदास की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किया, मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के पकड़ी थाना क्षेत्र के उससा गांव में कथित तौर पर कुछ लोगों ने संत रविदास की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार उससा गांव में बृहस्पतिवार को रात्रि संत रविदास की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्रतिमा के दाहिने हाथ की कोहनी और अंगुली को अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त किया है। शुक्रवार की सुबह जब ग्रामीणों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त स्थिति में देखा तो पुलिस को घटना की जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनिल कुमार झा ने शुक्रवार शाम पीटीआई-भाषा को बताया कि इस मामले में अच्छे लाल की तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 (किसी पूजा स्थल या पवित्र वस्तु को जानबूझकर क्षतिग्रस्त करना) में मुकदमा दर्ज किया गया है। के तौर पर मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

### भाजपा के बाबूलाल मरांडी को झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता दी गई

**रांची:** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक बाबूलाल मरांडी को राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता दी।झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा शासित राज्य में विपक्ष का कोई नेता नहीं था जहां नवंबर 2024 में पिछला विधानसभा चुनाव हुआ था।धनवार से विधायक बाबूलाल मरांडी पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्हें बृहस्पतिवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता चुना गया। पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष को इस संबंध में एक पत्र में सूचित किया।महतो ने कहा कि उनसे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मरांडी को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया गया था। महतो ने विधानसभा में कहा, ''मैं बिना किसी देरी के भाजपा को मुख्य विपक्षी दल और बाबूलाल मरांडी को सदन में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देता हूं। 'मरांडी पार्टी की झारखंड इकाई के अध्यक्ष भी हैं। बृहस्पतिवार को यहां एक बैठक के दौरान मरांडी को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया।

## बिना भेदभाव प्रगति के अवसर मिलेंगे लेकिन किसी का तुष्टीकरण नहीं होगा : योगी

**आगरा (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि ''नए' भारत में सभी को बिना किसी भेदभाव के सुरक्षा और प्रगति के अवसर मिलेंगे, लेकिन किसी का तुष्टीकरण नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आगरा में 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' के अंतर्गत 1,000 युवाओं को ऋण वितरण करने के लिये आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह कहा। योगी ने आगरा मंडल के 1,000 युवाओं को शुक्रवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' के अंतर्गत ऋण का चेक एवं उत्तर प्रदेश ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) के प्रशिक्षणार्थियों को टूल किट दी। उन्होंने कहा कि युवा देश की ऊर्जा के प्रतीक हैं और आज ये 1,000 नए युवा उद्यमी प्रदेश और



देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए तत्पर हैं। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में हाल में संपन्न हुए महाकुंभ की भव्यता पर प्रकाश डाला, जहां 45 दिन में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। आदित्यनाथ ने इस बात पर भी जोर दिया कि इस आयोजन ने न केवल सुरक्षा और स्वच्छता को प्रदर्शित किया, बल्कि रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर भी पैदा किए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पंच तीर्थ गलियारे आस्था और आर्थिक प्रगति दोनों का पर्याय बन गए हैं। उन्होंने कहा, 'इस नए भारत में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं है। सुरक्षा और समृद्धि सभी के लिए है, विकास के अवसर सभी के लिए हैं, लेकिन किसी का तुष्टीकरण नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने राज्य को माफिया मुक्त और दंगा मुक्त बनाने के साथ- साथ युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया भी उत्तर प्रदेश के सामर्थ्य को देख रही है। उन्होंने कहा कि नवोन्मेष और दूरदर्शिता के साथ यदि प्रौद्योगिकी का मेल हो जाए तो समृद्धि आने से कोई रोक नहीं सकता। मुख्यमंत्री ने कहा, 'होली के रंगोत्सव को बरसाना में शुरू करने के बाद मुझे आप सभी युवा साथियों से मिलने का मौका मिला है। आप देश की आधारशिला रखने वाले हैं। उन्होंने 1,000 नए उद्यमियों को बधाई देते हुए कहा कि ये युवा देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### रामपुर में दो नाबालिग बच्चों के धर्मांतरण और खतना कराने का मामला सामने आया

**रामपुर:** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले की शाहबाद पुलिस ने दो नाबालिग बच्चों के कथित धर्मांतरण एवं उनका खतना किये जाने का मामला सामने आने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।पुलिस के अनुसार बच्चों के एक रिश्तेदार ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके भतीजे ने अपने दो बेटों का खतना करवा कर उन्हें दूसरे धर्म में धर्मांतरित कर दिया है, लेकिन बच्चों के पिता ने आरोपों से इनकार किया है।शिकायतकर्ता सोमपाल ने पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके भतीजे ने अपने दो बेटों का खतना करवाकर उन्हें दूसरे धर्म में धर्मांतरित करवा दिया है। उसकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज अपडेट

### होली से पहले लाभार्थियों के खातों में पहुंचेगी 'मइयां सम्मान योजना' की राशि: मुख्यमंत्री



**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को विधानसभा को बताया कि होली तक 'मइयां सम्मान योजना' के तहत राशि लाभार्थियों के खातों में पहुंच जाएगी।लाभार्थियों ने आरोप लगाया है कि उन्हें जनवरी से राशि नहीं मिली है।विधानसभा में बजट अनुदान पर बहस के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक मंगल कालिंदी ने सरकार से पूछा कि योजना के तहत लाभार्थियों को राशि कब दी जाएगी।इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हमें उम्मीद है कि होली से पहले लाभार्थियों के खातों में राशि जमा हो जाएगी।उन्होंने कहा, कुछ गड़बड़ियां थीं, जिससे भुगतान में देरी हुई, लेकिन उन्हें ठीक कर लिया गया है। अब राशि खाते में जमा कर दी जाएगी। हम महिला दिवस, होली और रमजान के त्योहारों के दौरान महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान लाना चाहते हैं।विपक्षी सदस्यों ने 27 फरवरी को इस योजना के तहत भुगतान में देरी को लेकर सदन में सरकार को घेरा था।भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया था कि लाभार्थियों को जनवरी और फरवरी दो महीनों तक योजना के तहत लाभ नहीं मिला।इसका जवाब देते हुए मंत्री चमरा लिंडा ने कहा था, योजना के लाभार्थियों को दो महीने (जनवरी और फरवरी) का पैसा 15 मार्च तक, संभवतः होली से पहले दे दिया जाएगा।

### पंजाब में हत्या की बीकेआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल की बड़ी साजिश नाकाम, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़:** पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य में तीन लोगों की गिरफ्तारी के साथ हत्या की एक बड़ी साजिश नाकाम कर दी गई है, जिसे प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी 'मॉड्यूल' ने रचा था। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पाया गया कि इस आतंकी मॉड्यूल को अमेरिका स्थित माफिया गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी नवाशहरिया अपने सहयोगी लाडी बकापुरिया के साथ चलाता है, जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा का करीबी सहयोगी है। लाडी बकापुरिया वर्तमान में ग्रीस में रहता है। यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जालंधर पुलिस के खुफिया विभाग की सूचना पर पंजाब में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी 'मॉड्यूल' की एक और बड़ी हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया गया, जिसमें 'मॉड्यूल' के तीन सदस्यों जगरूप सिंह उर्फ जग्गा, सुखजीत सिंह उर्फ सुखा और नवप्रीत सिंह उर्फ नव की गिरफ्तारी हुई और गोला-बारूद के साथ चार अत्याधुनिक हथियार बरामद किए गए।' उन्होंने कहा कि हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। डीजीपी ने कहा, 'गोला-बारूद के साथ चार अत्याधुनिक पिस्तौल, एक ग्लॉक पिस्तौल 9एमएम, एक मैगजीन और छह कारतूस, एक पिस्तौल पीएक्स5 स्टॉर्म (बेरेटा) 30 बोर, एक मैगजीन और चार गोलियां, एक देसी 30 बोर पिस्तौल, एक मैगजीन और चार कारतूस तथा एक देसी 32 बोर पिस्तौल, एक मैगजीन और आठ कारतूस बरामद किए गए।

### रांची के आश्रम में दोहरा हत्याकांड: भाजपा विधायक का दावा-झारखंड में साधु भी सुरक्षित नहीं

**रांची:** झारखंड भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने शुक्रवार को विधानसभा में रांची के हालिया दोहरे हत्याकांड का मामला उठाया और आरोप लगाया कि झारखंड में साधु भी सुरक्षित नहीं हैं।सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया कि अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।रांची के चान्हो प्रखंड स्थित आनंद मार्ग आश्रम में बुधवार रात कुछ हमलावरों ने साधु मुकेश शाह और राजेंद्र यादव नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। हटिया विधायक ने कहा कि हमलावर आश्रम में घुसे और दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी। जायसवाल ने कहा,'यह महज लूट का मामला नहीं हो सकता, क्योंकि आश्रम में ज्यादा संपत्ति नहीं है। इसका मकसद कुछ और है। झारखंड में साधु भी सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन सरकार चुप है।''भाजपा विधायक को जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सदन को बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोहरे हत्याकांड के सिलसिले में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। किशोर ने कहा, 'दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। मैं इस मामले में रांची एसएसपी से और जानकारी लूंगा। इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।'पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अपराध के पीछे मुख्य मकसद चोरी था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी घटना की आलोचना की।

## संभल में अगले जुमे को होली के दिन नमाज ढाई बजे के बाद

### लखनऊ, बरेली के मौलानाओं की अपील: होली के दिन जुमे की नमाज का समय बदला जाए

**लखनऊ/बरेली:** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 'इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया' के प्रमुख मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने सभी मस्जिद कमेटियों से रमजान के दूसरे जुमे की नमाज का वक्त बढ़ाकर दो बजे करने की अपील की है। आगामी 14 मार्च को होली और रमजान महीने दूसरा जुमा है। इसी को ध्यान में रखते हुए मौलाना ने यहां ईदगाह स्थित जामा मस्जिद में जुमे की नमाज का समय दोपहर 12:45 बजे से बढ़ा कर दोपहर दो बजे करने की घोषणा की।

**संभल (उप्र):** होली के त्यौहार से पहले, संभल में पीएसी की सात कंपनियां तैनात की गई हैं, शुक्रवार को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने कहा,'14 मार्च को जुमे की नमाज दोपहर 2.30 बजे के बाद होगी, और हिंदू समुदाय के लोग दोपहर 2.30 बजे तक होली खेलेंगे।' पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि होली और रमजान के पहले शुक्रवार को देखते हुए संभल में पीएसी की सात कंपनियां तैनात की गई हैं। पुलिस चौकियों का निरीक्षण किया जा रहा है, सत्यव्रत पुलिस चौकी पर एक एंटीना लगाया गया है और ऊंचाई पर स्थित होने के कारण इस पर जिला नियंत्रण कक्ष बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में पूरी तरह से शांति है, मोहल्ला स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। शांति समिति की बैठक में होली और जुमे की नमाज को लेकर क्या चर्चा हुई, यह पूछे जाने पर एसपी ने बताया, जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दोनों पक्षों के प्रमुख लोगों से बातचीत की गई और तय किया गया कि अगले जुमे की नमाज दोपहर 2.30 बजे के बाद होगी और हिंदू समुदाय के लोग दोपहर 2.30 बजे तक होली खेलेंगे और अपने घर चले जाएंगे। उन्होंने बताया कि संभल जिले की पुलिस सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रख रही है और लोगों को किसी भी तरह की अफवाह पर विश्वास नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर कोई अफवाह है तो पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते उसका खंडन किया जा सके। मैं सभी से अपील करूंगा कि किसी भी तरह की अफवाह पर विश्वास न करें। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि संभल शहर को छह जोन और 29 सेक्टरों में बांटा गया है। सभी सेक्टरों में मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

## आतंकी लजर मसीह ने फर्जी आधार कार्ड पर नया सिम लिया और विदेश भागने की तैयारी में था : एडीजी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले से गिरफ्तार किये गये बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी लजर मसीह ने जालसाजी और धोखाधड़ी करके अपना आधार कार्ड बनवाया और उसी पर नया सिम भी लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार तड़के गिरफ्तार किया गया लजर मसीह महाकुंभ के दौरान अशांति फैलाकर भारत से फरार होना चाहता था। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था व एसटीएफ) अमिताभ यश ने बताया कि लजर मसीह ने गुरदासपुर (पंजाब) के एक मेडिकल ऑफिसर द्वारा जारी पते के



फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर आधार कार्ड में अपना पता अमृतसर से बदलकर चंदर नगर, गाजियाबाद करवा लिया था। यश ने बताया कि आरोपी लजर मसीह ने 16 दिसम्बर को फर्जी पते पर बने आधार कार्ड को डाउनलोड कर नया सिम लिया। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि लजर मसीह महाकुंभ के दौरान अशांति फैलाकर भारत से फरार होना चाहता था।एडीजी यश ने उसकी फरारी की तैयारी का ब्योरा देते हुए बताया कि लजर मसीह ने फर्जी पासपोर्ट के लिए दिल्ली के एक गिरोह से संपर्क साधा था। गाजियाबाद से पासपोर्ट का फॉर्म भरा भी गया था जिसमे जनवरी में पासपोर्ट ऑफिस में एपॉइन्ट्मन्ट की तारीख लगी थी, लेकिन उस दिन वह पंजाब से गाज़ियाबाद नहीं पहुंच सका था। उन्होंने बताया कि फर्जी पते से पासपोर्ट बनवाने के लिए किसी दलाल ने 15 लाख रुपये मांगे थे जिनमें से वह 2.5 लाख रुपये दे चुका है।

## झारखंडः भाजपा नेता सीता सोरेन ने सहायक पर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया



**धनबाद:** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सीता सोरेन ने अपने सहायक पर धनबाद जिले के एक होटल में उन्हें गोली मारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।पुलिस उपायुक्त (कानून और व्यवस्था) नौशाद आलम ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात किसी मुद्दे पर विवाद के बाद सहायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन पर कथित तौर पर देसी पिस्तौल तान दी।उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान देवाशीष मनोरंजन घोष के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की है।सीता सोरेन तीन बार झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक रही हैं। वह पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले मार्च में भाजपा में शामिल हुई थीं। उन्होंने जामताड़ा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था लेकिन झामुमो उम्मीदवार से हार गयी थीं। सीता सोरेन धनबाद के सरायढेला इलाके में एक निजी होटल में थीं, जब घोष ने कथित तौर पर उन्हें गोली मारने का प्रयास किया।



## विकास कौशल एचपीसीएल के चेयरमैन नियुक्त

**नयी दिल्ली:** सरकार ने निजी क्षेत्र के सलाहकार विकास कौशल को पांच साल के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) का चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। कौशल (53) ने इससे पहले प्रबंधन परामर्शदाता केर्नी में ऊर्जा और प्रक्रिया उद्योगों के लिए वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में काम किया है। उन्होंने केर्नी इंडिया के प्रबंध निदेशक और क्षेत्रीय प्रमुख के रूप में भी काम किया है। यह पहली बार है कि निजी क्षेत्र के किसी सलाहकार को सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी कंपनी का प्रमुख बनाया गया है। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब सरकार संगठनों के भीतर से उपयुक्त प्रमुखों को खोजने के लिए जूझ रही है। एक सरकारी आदेश में कहा गया, 'मंत्रिमंडल की



नियुक्ति समिति ने पात्रता मानदंडों में छूट देते हुए एचपीसीएल के सीएमडी पद पर विकास कौशल की नियुक्ति के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।' उन्हें पदभार ग्रहण करने से पांच साल के लिए या अगले आदेश तक नियुक्त किया गया है।

## केंद्र ने मुद्रा योजना के तहत 32 लाख करोड़ रुपये दिए: प्रधानमंत्री मोदी

**सूरत:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि मुद्रा योजना के तहत केंद्र ने 32 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिनके पास शून्य सीटें हैं, वे इस राशि के शून्य नहीं गिन सकते हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस पांच फरवरी को दिल्ली में हुए विधानसभा चुनावों में अपना खाता खोलने में विफल रही, जहां भाजपा को जीत मिली। यह लगातार तीसरी बार है, जब दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025-26 के आम बजट में प्रस्तावित 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट से वेतनभोगी वर्ग, छोटे व्यवसायी और श्रमिकों को लाभ होगा। उन्होंने गुजरात में सूरत खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'हमने अब तक मुद्रा योजना के तहत गरीब नागरिकों को 32 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया है। जो लोग हमें गाली देते हैं, जिनके पास शून्य सीटें हैं, वे 32 लाख करोड़ रुपये में शून्य नहीं गिन पाएंगे।' केंद्र सरकार ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों को किफायती दर पर कर्ज देने के लिए 2015 में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शुरू की थी। मोदी ने कहा कि सूरत में शुरू किया गया अभियान खाद्य सुरक्षा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दूसरे जिलों के लिए प्रेरणा बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पांच करोड़ फर्जी राशन कार्ड को खत्म करके सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुव्यवस्थित किया है। उन्होंने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च के दिन अपने सोशल मीडिया खातों का संचालन महिलाओं को सौंप देंगे।

## व्यापार शुल्क डब्ल्यूटीओ के अनुरूप, राष्ट्रीय विकास के लिए उपयोगी: सीतारमण

**विशाखापत्तनम:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 100 प्रतिशत तक के व्यापार शुल्क विश्व व्यापार संगठन के मानदंडों के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें राष्ट्रीय विकास और घरेलू उद्योगों को समर्थन देने के लिए लगाया जाता है। कुछ अमेरिकी आयातों पर 100 प्रतिशत व्यापार शुल्क को लेकर पूछे गए एक सवाल पर वित्त मंत्री ने कहा कि शुल्क वैध साधन हैं। उन्होंने कहा, ''इसलिए, जब आप विकास के उस चरण में होते हैं, जब आपके अपने उद्योग को बढ़ना होता है, तो डब्ल्यूटीओ मानदंडों के अनुसार आप जो भी व्यापार शुल्क लगा सकते हैं... आप लगाएंगे।' वित्तमंत्री ने यहां बजट के बाद एक बातचीत में कहा, 'इसलिए यह इसी मकसद से



हो रहा है और जैसा कि मैंने कहा यह डब्ल्यूटीओ के अनुरूप है।' सीतारमण ने कहा कि आज प्रचलित व्यापार शुल्क कई उद्देश्यों को पूरा करते हैं और यह सुरक्षा आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने निर्यात और नए बाजारों तक पहुंचने की संभावना पर भी जोर दिया। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने हितों का ख्याल रखेगा, जबकि भारत अपने हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देगा। उन्होंने कहा कि इस बीच, उनके साथ बातचीत में यह विचार किया जाएगा कि हम किस तरह आगे बढ़ सकते हैं। भारत पर जवाबी शुल्क लगाने के बारे में सीतारमण ने कहा कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिकी वाणिज्य मंत्री और संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के साथ चर्चा करने के लिए अमेरिका गये हैं।

## व्यापार युद्ध की चिंताओं से तेजी थमी, सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर स्तर पर बंद

**मुंबई:** वैश्विक व्यापार युद्ध को लेकर बनी अनिश्चितताओं से निवेशकों ने शुक्रवार को घरेलू बाजार में जोखिम लेने से परहेज किया। इससे बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में प्रमुख सूचकांक लगभग स्थिर स्तर पर बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में बिकवाली के रुख और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी का सिलसिला जारी रहने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स दो दिनों की बढ़त के बाद 7.51 अंक फिसलकर 74,332.58 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 246.34 अंक चढ़कर 74,586.43 पर पहुंच गया था। हालांकि, नेशनल स्टॉक एक्सचसेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 7.80 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 89 अंक बढ़कर 22,633.80 के स्तर पर पहुंच गया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजार में अमेरिका के शुल्क लगाने और दूसरे देशों की जवाबी चेतावनियों के कारण अनिश्चितता बढ़ गई है। इस अस्पष्टता के कारण जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ी है और इक्विटी को लेकर आकर्षण घटा है। नायर ने कहा कि इसके उलट भारतीय बाजारों ने व्यापार युद्ध की आशंका के बावजूद हाल में मजबूती को दिखाया है। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा और आईटीसी के शेयर चढ़कर बंद हुए। दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, नेस्ले इंडिया, टाटा मोटर्स, अदानी पोर्ट्स, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक में नुकसान देखने को मिला। छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.75 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.30 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

## शुल्क मामले में अमेरिका की चिंताओं को सुनने की जरूरत: डब्ल्यूटीओ प्रमुख

**जिनेवा:** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की महानिदेशक नगोजी ओकोन्जो-इवेला ने शुक्रवार को अमेरिका के वैश्विक व्यापार भागीदारों से




शुल्क के बारे में अमेरिका की चिंताओं को सुनने और मामले में जवाबी कार्रवाई करने के बजाय बातचीत का रास्ता अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि व्यापार भागीदारों के लिए जरुरी है कि वे घबराएं नहीं, बल्कि हाल के दिनों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से करीबी व्यापार भागीदारों पर शुल्क लगाने की चेतावनियों की प्रतिक्रिया में बातचीत का रास्ता अख्तियार करें। मेक्सिको, कनाडा और चीन पर शुल्क लगाने की ट्रंप की घोषणा से व्यापार युद्ध को जन्म दिया है। इससे इस सप्ताह अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आई। कुछ भ्रम की स्थिति भी पैदा हुई क्योंकि ट्रंप ने कनाडा और मेक्सिको पर कुछ शुल्क की घोषणा करने के तुरंत बाद उन्हें टाल दिया। उन्होंने जिनेवा में डब्ल्यूटीओ मुख्यालय में पूर्व जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल के साथ चर्चा के दौरान कहा, 'मुझे लगता है कि हमें अमेरिका की स्थिति को समझने और उनकी चिंताओं को सुनने की जरूरत है और यह बताना चाहिए कि हम उनकी चिंताओं से निपटने में उनकी मदद कैसे कर सकते हैं।' महानिदेशक ने कहा,'तीस साल पहले, जब यह प्रणाली लागू की गई थी, तो अमेरिका ने अपनी आबादी और बाहरी दुनिया को लाभ पहुंचाने के लिए अपने शुल्क को काफी कम कर संभवतः इसे 2.5 प्रतिशत के आसपास ले आया था। और इससे लाभ हुआ है।'उन्होंने कहा 'अब अमेरिका कह रहा है कि यह स्थिति अब उसके काम नहीं आने वाली है।'

## न्यूज अपडेट

### सोना 89,000 के स्तर से नीचे फिसला, चांदी में 500 रुपये की तेजी

**नयी दिल्ली:** कमजोर घरेलू मांग के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे फिसल गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। यह सोने में गिरावट का दूसरा दिन था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं के साथ-साथ खुदरा लिवालों की ओर से मांग में कमी के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसके साथ इसमें लगातार चौथे दिन तेजी जारी रही। पिछले चार सत्रों में चांदी में 3,100 रुपये की तेजी आई है।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.78 अरब डॉलर घटकर 638.69 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 1.78 अरब डॉलर घटकर 638.69 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.76 अरब डॉलर बढ़कर 640.48 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 49.3 करोड़ डॉलर घटकर 543.35 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। हालांकि, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.30 अरब डॉलर घटकर 73.27 अरब डॉलर रह गया।

### भारत, आयरलैंड मजबूत व्यापार संबंधों के लिए संयुक्त आर्थिक आयोग स्थापित करने पर सहमत

**लंदन:** भारत और आयरलैंड द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी संबंधों को बढ़ाने के लिए एक संयुक्त आर्थिक आयोग (जेईसी) स्थापित करने पर सहमत हो गए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को डबलिन में आयरलैंड के विदेश मंत्री साइमन हैरिस से मुलाकात के बाद यह घोषणा की। विदेश मामलों के विभाग में हुई इस बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-आयरिश साझेदारी को बढ़ाने के लिए एक 'कार्य योजना' भी तय की। जयशंकर 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे के बाद आयरलैंड की यात्रा करने वाले पहले भारतीय विदेश मंत्री हैं। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की, जिसमें संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए एक नई कार्य योजना भी शामिल है। उन्होंने कहा, हमारे व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी संबंधों को बढ़ाने के लिए एक संयुक्त आर्थिक आयोग स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की गई। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने वैश्विक स्तर पर हाल के घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसमें यूक्रेन संघर्ष, पश्चिम एशिया, अफगानिस्तान और हिंद-प्रशांत क्षेत्र शामिल हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### ललित मोदी ने अपना भारतीय पासपोर्ट त्यागने के लिए आवेदन किया

**नयी दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संस्थापक ललित मोदी ने अपना भारतीय पासपोर्ट जमा करने के लिए लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में आवेदन किया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। ललित मोदी को दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र वानुअतु की नागरिकता प्राप्त है। उसने 2010 में भारत छोड़ दिया और माना जाता है कि अभी वह लंदन में रह रहा है। आईपीएल के शीर्ष अधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान करोड़ों रुपये के गबन के आरोप में ललित मोदी भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों की वांछित सूची में शामिल है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''उसने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना पासपोर्ट जमा करने के लिए आवेदन किया है।''

### दिल्ली हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ की महिला हेड कांस्टेबल ने गोली मारकर आत्महत्या की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली हवाई अड्डे पर तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की महिला हेड कांस्टेबल ने शुक्रवार शौचालय में कथित रूप से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार 37 वर्षीय किरण ने सुबह आठ बजकर 44 मिनट पर अपनी सर्विस पिस्तौल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। महिला हेड कांस्टेबल अपनी ड्यूटी पर तैनात थीं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से कोई पत्र बरामद नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि किरण ने हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 स्थित शौचालय में अपनी सर्विस पिस्तौल से आत्महत्या की। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का दौरा किया और साक्ष्य जुटाए।

### विदेश नीति के मुद्दे राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते: विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने हाल ही में मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा की मौजूदगी में म्यांमा के दो विद्रोही समूहों के विलय समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने की खबरें सामने आने के बाद शुक्रवार को कहा कि विदेश नीति के मुद्दे राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते हैं। खबरों के अनुसार, जुंटा विरोधी समूह चिनलैंड काउंसिल (सीसी) और अंतरिम चिन नेशनल कंस्लवेटिव काउंसिल (आईसीएनसीसी) ने आइजोल में विलय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने इस मामले पर कुछ खबरें देखी हैं। म्यांमा की स्थिति पर हमारा रुख सर्वविदित है। उन्होंने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, मैं यह भी दोहराना चाहूंगा कि विदेश नीति के मुद्दे राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते हैं।

### ओडिशा में आईएनएस चिल्का से 2,966 अग्निवीरों ने प्रशिक्षण पूरा किया

**भुवनेश्वर :** भारतीय नौसेना के 2,966 अग्निवीर शुक्रवार को ओडिशा स्थित नौसेना के प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान आईएनएस चिल्का से उत्तीर्ण हुए। इन अग्निवीरों में 402 महिलाएं भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 288 वरिष्ठ रंगरूट (चिकित्सा सहायक) और 227 नाविक भी इस अवसर पर प्रशिक्षण पूरा किया। पासिंग आउट परेड 16 सप्ताह के कठोर नौसैनिक प्रशिक्षण के समापन का प्रतीक थी और यह सूर्यास्त के बाद एक अनूठे समारोह में आयोजित की गई थी। परेड का निरीक्षण वाइस एडमिरल वी. श्रीनिवास ने किया, जबकि आईएनएस चिल्का के कमांडिंग ऑफिसर ने इसका संचालन किया तथा दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ कमोडोर बी. दीपक अनील भी इस मौके पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में स्नातकों के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे।

# मैं उद्धव ठाकरे नहीं हूं, जो चल रही परियोजनाओं पर रोक लगा दूं : फडणवीस

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शिवसेना (उबाठा) के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर शुक्रवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि वह उनकी (ठाकरे) तरह नहीं हैं जो चल रही परियोजनाओं पर रोक लगा दें। राज्य विधानमंडल के संयुक्त सत्र में राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान फडणवीस ने कहा कि पिछली महायुति सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अकेले एकनाथ शिंदे के नहीं थे, बल्कि समन्वय से लिए गए थे। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा, ''मैं उद्धव ठाकरे नहीं हूं, जो चल रही परियोजनाओं पर रोक लगा दूं।



एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री रहते हुए लिए गए फैसले अकेले उनके नहीं थे। वे मेरी और अजित पवार की भी जिम्मेदारी थे।'' उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की महायुति सरकार समन्वय से काम करती है और गठबंधन के सभी नेता निर्णय लेने में शामिल होते हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि मीडिया में गुणवत्तापूर्ण समाचारों और विपक्षी दलों की ओर से गुणवत्तापूर्ण आलोचना का अभाव है। उन्होंने परियोजनाओं पर रोक लगाने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, '' यहां तक कि अगर कोई संभागीय आयुक्त किसी योजना अथवा परियोजना पर रोक लगाता है, यदि वह केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों को पूरा नहीं करती है, तो ऐसा कहा जाता है कि मैंने रोक लगा दी है। '' फडणवीस ने कहा कि पिछले साल विधानसभा चुनाव में महायुति को भारी जनादेश मिला था। उन्होंने कहा, ''लोगों ने महायुति में अपना भरोसा जताया है और हम उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भविष्य की कार्ययोजना पर काम कर रहे हैं। ''

## जन औषधि दिवस लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है: प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जन औषधि दिवस के अवसर पर स्वस्थ और फिट भारत सुनिश्चित करते हुए सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली, सस्ती दवाएं प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। हर साल सात मार्च को 'जन औषधि दिवस' मनाया जाता है ताकि इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा सके। इस पहल को समर्थन देने के लिए एक से सात मार्च तक पूरे देश में सप्ताह भर के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जन औषधि दिवस लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने, स्वस्थ और फिट भारत सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।''



प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) को नवंबर 2008 में रसायन और उर्वरक मंत्रालय के फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा केंद्रीय फार्मा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के सहयोग से शुरू किया गया था । इस पहल का उद्देश्य प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) नामक समर्पित दुकानों के माध्यम से जनता को सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना है। जन औषधि दवाओं की कीमतें खुले बाजार में उपलब्ध ब्रांडेड दवाओं की कीमतों से 50-80 प्रतिशत कम हैं। उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दवाएं केवल विश्व स्वास्थ्य संगठन - अच्छे विनिर्माण अभ्यास (डब्ल्यूएचओ-जीएमपी) प्रमाणित निर्माताओं से ही खरीदी जाती हैं।

## अगस्ता वेस्टलैंड मामला : क्रिश्चियन मिशेल जेम्स ने कहा, मैं जमानत स्वीकार नहीं कर सकता

**नयी दिल्ली :** अगस्ता वेस्टलैंड मामले के कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स ने शुक्रवार को ''सुरक्षा जोखिम'' के कारण जमानत पर बाहर जाने के बजाय ''अपनी सजा पूरी करने'' और भारत छोड़ने की पेशकश की। जेम्स ने यह दलील विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल के समक्ष दी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड धन शोधन मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को मंगलवार को जमानत दे दी थी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों में राहत मिलने के बाद विशेष अदालत ने जेम्स को जमानत पर रिहा करने के लिए आवश्यक जमानत शर्तें लगाईं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने चार मार्च को ईडी मामले में उसे जमानत दे दी थी और मिशेल को आवश्यक जमानत शर्तों पूरी करने को कहा था। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने 18 फरवरी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के एक मामले में अधीनस्थ अदालत की शर्तों के तहत ब्रिटिश नागरिक मिशेल को जमानत दे दी थी। न्यायाधीश ने शुक्रवार को जेम्स से पूछा, ''अब आप कैसे हैं? पिछले दो महीनों में ईश्वर आप पर मेहरबान रहे हैं। आपको दोनों मामलों में जमानत मिल गई है।'' जेम्स ने हालांकि कहा, '' दिल्ली तो बस एक बड़ी जेल है। मेरा परिवार मेरे पास नहीं आ सकता...मेरी सुरक्षा को खतरा है। मैं अपनी सजा पूरी करके देश छोड़ना चाहूंगा। ''

## तमिलनाडु 'हिंदी उपनिवेशवाद' को बर्दाश्त नहीं करेगा: स्टालिन

**चेन्नई :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर हिंदी थोपने की धमकी देकर राज्य को उकसाने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य ''ब्रिटिश उपनिवेशवाद की जगह लेने वाले हिंदी उपनिवेशवाद'' को बर्दाश्त नहीं करेगा। स्टालिन ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''पेड़ शांत रहना पसंद कर सकता है, लेकिन हवा शांत नहीं होगी। हम जब बस अपना काम कर रहे थे, तब वह केंद्रीय शिक्षा मंत्री ही थे, जिन्होंने हमें पत्र लिखने के लिए उकसाया। वह अपनी जगह भूल गए और पूरे राज्य को हिंदी लागू करने के लिए धमकाने की हिम्मत की और अब इसके परिणामस्वरूप उन्होंने एक ऐसी लड़ाई को फिर से शुरू कर दिया है, जिसे वह कभी नहीं जीत सकते। तमिलनाडु को आत्मसमर्पण करने के लिए 'ब्लैकमेल' नहीं किया जाएगा।'' ''हिंदी थोपे जाने'' के खिलाफ स्टालिन द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) कार्यकर्ताओं को लगातार पत्र लिख रहे हैं। स्टालिन ने कहा, ''सबसे बड़ी विडंबना यह है कि एनईपी (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) को खारिज करने वाला तमिलनाडु इसके कई लक्ष्यों को पहले ही पूरा कर चुका है, जिन्हें नीति के तहत 2030 तक पूरा किया जाना है। यह एलकेजी ('लोअर किंडरगार्टन') के छात्र द्वारा पीएचडी धारक को व्याख्यान देने जैसा है। द्रविड़म दिल्ली से निर्देश नहीं लेता। इसके बजाय, वह ऐसा मार्ग प्रशस्त करता है, जिसका अनुसरण राष्ट्र कर सके। अब तीन-भाषा सूत्र के लिए भाजपा का 'सर्कस' जैसा हस्ताक्षर अभियान तमिलनाडु में हंसी का पात्र बन गया है। मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वे 2026 के विधानसभा चुनावों में इसे अपना मुख्य एजेंडा बनाएं और इसे हिंदी थोपने पर जनमत संग्रह बनने दें।'' द्रमुक नेता ने साथ ही लिखा, इतिहास स्पष्ट है। जिन्होंने तमिलनाडु पर हिंदी थोपने की कोशिश की, वे या तो हार गए या बाद में अपना नजरिया बदल लिया और द्रमुक के रुख से सहमत हो गए। तमिलनाडु ब्रिटिश उपनिवेशवाद की जगह लेने वाले हिंदी उपनिवेशवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा।

## भागीरथ फॉर गुड कॉसेस फाउंडेशन ने पुस्तकें एवं वस्त्र वितरण किया



**जयपुर/समाज्ञा :** विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को भागीरथ फॉर गुड कॉसेस फाउंडेशन द्वारा कच्ची बस्ती कॉलोनी, गुर्जर की थड़ी, जयपुर मे रह रही महिलाओं को वस्त्र वितरित किये गए। कच्ची बस्ती मे पढ़ रही बच्चियों को पुस्तकें और स्टेशनरी सामग्री भी उपहार में दी गई। इस अवसर पर फाउंडेशन की निदेशक कृति ज्योत्सना सैनी और निदेशक डॉ. एस. के. सैनी भी उपस्थित थे। कृति ने युवा किशोरियों को स्वास्थ्य एवम स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

## कैलिफोर्निया आमंड्स के साथ इस होली को बनाएं खास और सेहतमंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** होली रंगों का त्योहार है, जो खुशियां, एकता और हमारी संस्कृति की खूबसूरती लेकर आता है। यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन और अच्छाई की बुराई पर विजय के रूप में मनाया जाता है। होली पर गुझिया, मालपुआ जैसी मिठाइयां और ठंडाई, नमकीन जैसे व्यंजन बनते हैं। लेकिन ज्यादा तला-भुना और मीठा खाने से सेहत पर असर पड़ सकता है। इसलिए संतुलित आहार जरूरी है। कैलिफोर्निया आमंड्स, जो 15 आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, होली के व्यंजनों में एक पौष्टिक अतिरिक्त हो सकते हैं। ये प्रोटीन, हेल्दी फैट और फाइबर से भरपूर होते हैं और वजन घटाने, ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। कैलिफोर्निया आमंड्स पेट भरते हैं, जिससे बार-बार स्नैक्स खाने की इच्छा कम होती है। मैक्स हेल्थकेयर की ऋतिका समद्दर ने कहा, त्योहारों के दौरान पौष्टिक आहार का ध्यान रखना चाहिए। बादाम जैसे हेल्दी विकल्प सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं और त्योहार के स्वाद को भी बढ़ाते हैं।

## रेलवे 60 बड़े स्टेशनों के बाहर स्थायी प्रतीक्षालय बनवाएगा, चौड़े एफओबी बनेंगे

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने देश के 60 बड़े स्टेशनों के बाहर स्थायी प्रतीक्षालय क्षेत्र का निर्माण कराने का फैसला किया है। एक बयान के जरिये यह जानकारी दी गई। यह निर्णय नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर कथित रूप से अत्यधिक भीड़ के कारण मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत के करीब एक महीने बाद आया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां रेल भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करके देश के उन प्रमुख स्टेशनों पर लागू किए जाने वाले भीड़ नियंत्रण के उपायों पर चर्चा की जहां समय-समय पर भारी भीड़ होती है। बयान में कहा गया है, ''वर्ष 2024 के



त्योहारी मौसम के दौरान सूरत, उधना, पटना और नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर बनाए गए प्रतीक्षालय क्षेत्रों में बड़ी भीड़ को रखा जा सकेगा। यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर तभी जाने दिया जाएगा, जब ट्रेन आएगी।'' महाकुंभ के दौरान प्रयागराज के नौ स्टेशनों पर की गई इसी तरह की व्यवस्था भी कारगर साबित हुई। इन अनुभवों के आधार पर स्टेशन के बाहर स्थायी प्रतीक्षालय क्षेत्रों का मॉडल तैयार किया जाएगा। बयान के अनुसार, नयी दिल्ली, आनंद विहार, वाराणसी, अयोध्या और पटना स्टेशनों पर प्रायोगिक परियोजना शुरू हो चुकी है। इन क्षेत्रों की मदद से अचानक आने वाली भीड़ को प्रतीक्षा क्षेत्र में ही सीमित रखा जा सकेगा। यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर तभी जाने दिया जाएगा जब ट्रेन आएंगी। इससे स्टेशनों पर भीड़ कम होगी। मंत्रालय इन 60 स्टेशनों पर प्रवेश पर नियंत्रण लगाएगा। 'कन्फर्म' टिकट वाले यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर सीधे प्रवेश दिया जाएगा। इसमें कहा गया है, ''बिना टिकट यात्रियों या 'प्रतीक्षा सूची' वाला टिकट रखने वाले लोगों को बाहरी प्रतीक्षालय क्षेत्र में इंतजार करना होगा। इसके अलावा सभी अनधिकृत प्रवेश बिंदुओं को सील कर दिया जाएगा। एक और बड़ा फैसला चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बनाने का है।

### भारत ने ढाका द्वारा 'हिंसक चरमपंथियों' की रिहाई पर चिंता व्यक्त की

**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश द्वारा कुछ हिंसक चरमपंथियों को रिहा करने पर चिंता व्यक्त की और रेखांकित किया कि हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनके धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा करना अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है। भारत ने कहा कि वह एक स्थिर, शांतिपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील बांग्लादेश का समर्थन करता है, जिसमें सभी मुद्दों का समाधान लोकतांत्रिक तरीकों से और समावेशी एवं भागीदारीपूर्ण चुनावों के माध्यम से किया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्वीकार किया कि बांग्लादेश में मौजूदा सुरक्षा स्थिति और लंबे समय से चले आ रहे स्थानीय मुद्दों ने उस देश में भारत द्वारा सहायता प्राप्त कुछ परियोजनाओं के कार्यान्वयन की गति को प्रभावित किया है।

## अमेजन बिजनेस ने वित्तीय वर्ष समाप्ति सेल की घोषणा, बी2बी ग्राहकों को मिली बड़ी छूट

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन बिजनेस ने 3 से 11 मार्च 2025 तक 'एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर सेल' की घोषणा की है। इस सेल के दौरान बी2बी ग्राहकों को 28% तक की बचत और एसबीआई क्रेडिट कार्ड या ईएमआई लेनदेन पर अतिरिक्त 10% की छूट मिल रही है। यह सेल व्यवसायों को लंबित खरीदारी पूरी करने का बेहतरीन अवसर प्रदान करती है। ग्राहक डेल, एचपी, बोट, जेबीएल, पिजन जैसे प्रमुख ब्रांड्स के लैपटॉप, टैबलेट, हेडफोन और ऑफिस फर्नीचर पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। अमेजन बिजनेस इंडिया के निदेशक मित्रंजन भादुरी ने कहा, यह सेल व्यवसायों को अपने खर्चों को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने में मदद करती है। इस सेल में टेक्नालॉजी, ऑफिस इसेंशियल्स, वर्कस्पेस फर्नीचर, होम और किचन उत्पादों पर 80% तक की छूट मिल रही है। साथ ही, अमेजन पे लेटर सुविधा से नकदी प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए त्वरित क्रेडिट विकल्प भी प्रदान किए जा रहे हैं।

## महिलाओं को सशक्त बनाकर राष्ट्र को ऊर्जा देने की दिशा में कोल इंडिया लिमिटेड का अहम कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोल इंडिया लिमिटेड ने अपनी 50वीं स्थापना दिवस और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर एक ऐतिहासिक पहल की घोषणा की है। कंपनी ने अपने सभी उपक्रमों और मुख्यालय में महिला कल्याण समिति का गठन किया है। यह कदम सीआईएल की महिला कर्मचारियों के प्रति समर्थन और समावेशी कार्यस्थल बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महिला कल्याण समिति का गठन सीआईएल और इसके उपक्रमों में व्यापक विचार-विमर्श के बाद किया गया। समिति में कार्यकारी और गैर-कार्यकारी कर्मचारियों को शामिल किया गया है और इसका नेतृत्व एक वरिष्ठ महिला कार्यकारी, जो ई-7 ग्रेड या उससे उच्च रैंक की हों, द्वारा किया जाएगा। सीआईएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस अवसर पर कहा, हम अपनी 50वीं वर्षगांठ और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के मौके पर इस महत्वपूर्ण कदम को उठाकर अपनी महिला कर्मचारियों को सशक्त बना रहे हैं। उनके योगदान ने सीआईएल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। महिला कल्याण समिति हमारे समावेशी और सहायक कार्य वातावरण को और मजबूत करने का प्रतीक है।

## वायुसेना का लड़ाकू विमान हरियाणा में दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित: पुलिस

**चंडीगढ़ :** भारतीय वायुसेना का एक लड़ाकू विमान हरियाणा के पंचकूला जिले में शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन पायलट सुरक्षित बाहर निकल आया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पायलट विमान को जमीनी बस्ती से दूर मैदान में ले गया और इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। पंचकूला जिले के रायपुररानी के थाना प्रभारी ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''भारतीय वायुसेना का विमान पंचकूला जिले के पहाड़ी इलाके (मोरनी के पास) में दुर्घटनाग्रस्त हो



गया। लेकिन पायलट सुरक्षित बाहर निकल आया।'' हरियाणा के पुलिस उपायुक्त हिमाद्री कौशिक ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विमान पंचकूला जिले के रायपुररानी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। सूत्रों ने बताया कि विमान ने अंबाला से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी। वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विमान उस समय दुर्घटनाग्रस्त हुआ जब वह नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था और इसकी प्रणाली में खराबी आ गई थी। पोस्ट में कहा गया, ''घटना के कारणों का पता लगाने के लिए वायुसेना ने जांच के आदेश दे दिए हैं।''

## अमृतांजन के ब्रांड कॉम्फी ने पार किया 100 करोड़ का आंकड़ा, निवेश की योजना

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमृतांजन हेल्थकेयर के मासिक धर्म स्वच्छता ब्रांड 'कॉम्फी' ने 100 करोड़ के ब्रांड बनने की उपलब्धि हासिल की है। 2011 में लॉन्च किया गया कॉम्फी, अब सैनिटरी नैपकिन, टैम्पोन और पीरियड कप जैसे उत्पादों के साथ लाखों महिलाओं को सशक्त बना रहा है। कॉम्फी का उद्देश्य किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले मासिक धर्म देखभाल उत्पादों को भारत की महिलाओं तक पहुंचाना है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। कॉम्फी ने उत्तरी अमेरिका से आयातित पल्प का उपयोग कर एक ऐसा उत्पाद विकसित किया है जो अन्य प्रमुख ब्रांड्स से 80% बेहतर अवशोषण प्रदान करता है। कंपनी अब एक विश्वस्तरीय सैनिटरी नैपकिन विनिर्माण संयंत्र बनाने की योजना बना रही है। इसके साथ ही, 'प्रोजेक्ट दिशा' के तहत कंपनी ने मासिक धर्म स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई जागरूकता कार्यक्रम चलाए हैं, जिससे अब तक 7 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को मदद मिली है।

## राहुल गांधी ने गुजरात कांग्रेस में बड़े बदलाव का संकेत दिया

**अहमदाबाद :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपना दो दिवसीय गुजरात दौरा शुरू किया। यहां उन्होंने पार्टी की राज्य इकाई में बड़े बदलाव के संकेत दिए और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए एक मजबूत योजना को लागू करने का आश्वासन दिया। गांधी सुबह अहमदाबाद पहुंचे और पूरे दिन पार्टी नेताओं के साथ बैठकें कीं। यहां हवाई अड्डे पर उतरने के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष सीधे शहर के पालदी इलाके में स्थित गुजरात कांग्रेस के मुख्यालय गए। पार्टी ने एक बयान में कहा कि उन्होंने सबसे पहले राज्य के पूर्व कांग्रेस अध्यक्षों और विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद दिन में उन्होंने राज्य




राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्यों के साथ एक बैठक में भाग लिया। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि गांधी ने पहले कहा था कि पार्टी 2027 में गुजरात विधानसभा के चुनाव जीतेगी और वह चुनाव के लिए काम शुरू करने के लिए राज्य का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में 1995 से भाजपा सत्ता में है। राहुल गांधी ने शाम को कांग्रेस के जिला और शहर अध्यक्षों के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने पार्टी के करीब 400 तालुका और नगर पालिका प्रमुखों से बातचीत की। शाम को पत्रकारों से बात करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल गांधी ने जमीनी स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं से इस बारे में राय ली कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए किन बदलावों की जरूरत है। बैठकों के बाद वेणुगोपाल ने कहा, ''इस बैठक का उद्देश्य गुजरात में पार्टी और उसके संगठन को मजबूत करना था। राहुल गांधी ने प्रखंड, जिला और राज्य स्तर के पार्टी नेताओं की बात सुनने के लिए अपना पूरा समय दिया। हमारा ध्यान पार्टी संगठन को मजबूत करने पर है और इसीलिए हम स्थानीय नेताओं की राय ले रहे हैं।'' गुजरात कांग्रेस ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अपनी बैठकों के दौरान गांधी ने राज्य इकाई से स्थानीय लोगों से संबंधित मुद्दे उठाने को कहा। उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं को संगठन में बड़े बदलाव लाने का आश्वासन दिया और कहा कि नए पदाधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही भी तय की जाएगी।

## महाकुंभ में शामिल होना चाहते थे टेस्ला प्रमुख एलन मस्क : स्वामी कैलाशानंद गिरि

**नयी दिल्ली :** निरंजनी अखाड़े के प्रमुख और आध्यात्मिक नेता स्वामी कैलाशानंद गिरि ने शुक्रवार को यहां बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार तथा विश्व के प्रमुख उद्योगपतियों में शुमार एलन मस्क की महाकुंभ में शामिल होने की इच्छा थी और इसके लिए उन्होंने संदेश भी भेजा था। कैलाशानंद गिरि ने बताया,'' मुझे टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क का संदेश मिला था। एलन मस्क ने संपर्क कर महाकुंभ में शामिल होने और मेरे शिविर में ठहरने की इच्छा जतायी थी।'' उन्होंने कहा कि स्टीव जॉब्स (एप्पल कंपनी के दिवंगत मुख्य कार्यकारी अधिकारी) की पत्नी लॉरेन ने मस्क को महाकुंभ के बारे में बताया था। स्टीव जॉब्स की



पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स हाल ही में महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रयागराज आई थीं। हालांकि, स्वास्थ्य संबंधी कारणों से वह पहले दिन संगम में स्नान नहीं कर पाई थीं, लेकिन लॉरेन की प्रयागराज यात्रा सुर्खियों में रही थी। कैलाशानंद गिरि ने पिछले दिनों प्रयागराज में संपन्न महाकुंभ के सफल आयोजन का श्रेय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देते हुए कहा,'' यदि योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं होते तो विशाल महाकुंभ संभव नहीं हो पाता।'' स्वामी कैलाशानंद गिरि यहां इंडिया टुडे कान्क्लेव 2025 में भाग लेने के लिए आए हुए हैं। इसी कान्क्लेव को संबोधित करते हुए परमार्थ निकेतन आश्रम के प्रमुख आध्यात्मिक नेता चिदानंद सरस्वती ने लोगों के पहनने ओढ़ने की स्वतंत्रता के संबंध में कहा कि जींस पहनने में कोई परेशानी नहीं है, लेकिन लोगों को अपने जींस (जड़ों) को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने महाकुंभ की एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एक बच्चा जिसने जींस पहनी हुई थी, उनके पास आया और उनसे कहा कि अब वह स्वयं को एक अलग व्यक्ति महसूस कर रहा है तो क्या उसे जींस पहनना बंद कर अपनी वेशभूषा बदल लेनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय निशानेबाजी लीग 24 नवंबर से सात दिसंबर तक

**नयी दिल्ली:** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने शुक्रवार को बताया कि पहली भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएएलआई) को खेल की वैश्विक नियामक संस्था से 'विंडो' मिल गई है और यह टूर्नामेंट अब 24 नवंबर से सात दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने इस फ्रेंचाइजी आधारित लीग का प्रस्ताव रखा था और पूर्व के कार्यक्रम के अनुसार इसका आयोजन मार्च में होना था। एनआरएआई ने राष्ट्रीय महासंघ के शासी निकाय से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद पिछले साल नवंबर में एसएएलआई की मेजबानी करने के अपने इरादे की घोषणा की थी।

### बंगाल ने उत्तर प्रदेश को बराबरी पर रोका, मिजोरम ने तमिलनाडु को हराया

**पंचकुला:** बंगाल ने आखिरी क्वार्टर की शुरुआत तक दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए शुक्रवार को यहां सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया, जबकि मिजोरम ने तमिलनाडु को 6-0 से करारी शिकस्त दी। डिवीजन ए के इस मैच में उत्तर प्रदेश की तरफ से साक्षी शुक्ला (24वें मिनट), हिना बानो (32वें) और अंजलि महतो (51वें) ने गोल किए। बंगाल की तरफ से रोहिता मिंज (48वें) ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पहला गोल किया। इसके बाद सेलेस्टिना होरो (52वें) और अनीशा डुंगडुंग (56वें) ने अंतिम क्षणों में दो गोल करके रोमांचक ड्रॉ सुनिश्चित किया। डिवीजन ए के ही एक अन्य मैच में मिजोरम ने तमिलनाडु को 6-0 से हराया। मिजोरम के लिए देविका सेन ने दो गोल किए, जबकि डिंपल, लालथंटलुआंगी, दीपिका और अंतिम ने एक-एक गोल करके अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई।

# केन विलियमसन बनाम भारतीय स्पिनर, चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में रोचक होगा मुकाबला

**दुबई,** सात मार्च (भाषा) फॉर्म में चल रहे भारतीय स्पिनरों और न्यूजीलैंड के धाकड़ बल्लेबाज केन विलियमसन के मुकाबले पर भी चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में सभी की नजरें होंगी और यह मैच का निर्णायक पहलू भी साबित हो सकता है। न्यूजीलैंड ने आखिरी बार आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी वर्ष 2000 में जीती थी जब भारत को चार विकेट से हराया था। इसके बाद से आईसीसी 50 ओवरों के खिताब के लिये टीम इंतजार कर रही है। दूसरी ओर भारत ने 2013 के बाद से चैम्पियंस ट्रॉफी नहीं जीती है और इस मैच में टीम फिर चार स्पिनर उतार सकती है। फाइनल मैच दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की उसी पिच पर खेला जायेगा जिस पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच हुआ था। उसमें स्पिनरों को काफी मदद मिली थी। ऐसे में हालात के अनुकूल ढलने का विलियमसन का कौशल और तकनीकी महारत न्यूजीलैंड के लिये अहम होगी। भारत के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच में 81 रन बनाकर वह इसे फिर साबित कर ही चुके हैं।न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड का मानना है कि भारत का चौतरफा स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, 'हमारे खिलाफ शायद वह इसी रणनीति को अपनायेंगे लेकिन हमारे पास भी चार स्पिनर हैं। हमारी टीम संतुलित है लेकिन चौतरफा स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण होगा। उनके पास बेहतरीन स्पिनर हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें हालात के अनुरूप ढलना होगा और हमारे सभी बल्लेबाज अपनी रणनीति बनाकर भारतीय स्पिनरों के सामने उतरेंगे।' भारत के वरूण चक्रवर्ती के पास विविधता है जिसमें लेग ब्रेक और सीम लेती गेंदें शामिल हैं। उन्होंने मिचेल सेंटनर को 113 किमी की रफ्तार वाली गेंद पर आउट किया था। ऐसे में स्टीड की रणनीति का अहम हिस्सा विलियमसन होंगे जिन्होंने वनडे क्रिकेट में स्पिनरों के खिलाफ 47 की औसत से 2952 रन बनाये हैं। स्टीड ने कहा ,'वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है और कई बार न्यूजीलैंड के लिये बेहतरीन प्रदर्शन कर चुका है। क्रिकेट के खेल में रनों की गारंटी नहीं होती लेकिन मुझे पता है कि केन रन बनाने की पूरी कोशिश करेगा। वह दुनिया के चुनिंदा क्रिकेटरों में से है जिनमें विभिन्न पिचों के अनुरूप ढलने की कमाल की काबिलियत है।'



### चोट के कारण भारत के खिलाफ फाइनल से बाहर हो सकते हैं न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज हेनरी

दुबई, सात मार्च (भाषा) न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी कंधे की चोट के कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल से बाहर हो सकते हैं हालांकि कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि वह रविवार को फाइनल तक ठीक हो जायेंगे। हेनरी ने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक दस विकेट लिये हैं जिसमें भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में पांच विकेट शामिल है। तैतीस वर्ष के हेनरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लाहौर में बुधवार को सेमीफाइनल के दौरान घायल हो गए थे।

### न्यूजीलैंड के कोच ने कहा, फाइनल में वरुण सबसे बड़ा खतरा

**दुबई:** न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में उनकी टीम के लिए वरुण चक्रवर्ती सबसे बड़ा खतरा होंगे तथा इस रहस्यमयी स्पिनर से निपटने के लिए उनकी टीम को अपनी सोच का दायरा बढ़ाना होगा। स्टीड ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा, 'उसने हमारे खिलाफ पिछले मैच में 42 रन देकर पांच विकेट लिए थे इसलिए हमें पूरी उम्मीद है कि वह खेलेगा। वह बहुत अच्छा गेंदबाज है और हमारे खिलाफ पिछले मैच में उसने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया था। वह इस मैच में हमारे लिए सबसे बड़ा खतरा है।' उन्होंने कहा, 'इसलिए हमें अपनी सोच इस पर केंद्रित करनी होगी कि हम कैसे उसे नाकाम कर सकते हैं और किस तरह से उसके खिलाफ रन बना सकते हैं।' स्टीड ने कहा कि इसके लिए उनकी टीम भारत के खिलाफ लीग चरण के मैच से कुछ सीख लेगी। उन्होंने इसके साथ ही इस बात को भी कोई खास तवज्जो नहीं दी कि भारत को यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ होने का फायदा मिलेगा।

## रोहित को बड़ा स्कोर बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए : गावस्कर



**नयी दिल्ली:** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि रोहित शर्मा को सिर्फ 25-30 रन बनाकर संतुष्ट नहीं होना चाहिए और लंबी पारी खेलने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि क्रीज पर उनकी मौजूदगी भारत के लिए मैच का रूख बदलने वाला असर डाल सकती है। गावस्कर ने 'इंडिया टुडे' से कहा, '(अगर) वह (रोहित शर्मा) 25 ओवर भी बल्लेबाजी करते हैं तो भारत 180-200 रन के आसपास होगा। सोचिए कि अगर उन्होंने तब तक सिर्फ दो विकेट खो दिए तो जरा सोचिए कि वे क्या कर सकते हैं। वे 350 रन या इससे अधिक के स्कोर तक पहुंच सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'उन्हें इस बारे में भी सोचना चाहिए। आक्रामक होकर खेलना एक बात है, लेकिन 25-30 ओवर तक बल्लेबाजी करने का मौका देने के लिए थोड़ा संयम से खेलना चाहिए। अगर वह ऐसा करता है तो वह विपक्षी टीम से मैच छीन सकता है। इस तरह का असर मैच जीतने वाला होता है।' रोहित ने टूर्नामेंट में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्रमशः 20, 15 और 28 रन बनाए हैं। गावस्कर ने कहा, 'साथ ही मुझे लगता है कि बतौर बल्लेबाज क्या आप 25-30 रन बनाकर खुश हैं? आपको खुश नहीं होना चाहिए! इसलिए मैं उनसे यही कहूंगा कि अगर आप सिर्फ सात से नौ ओवर के बजाय 25 ओवर तक बल्लेबाजी करते हैं तो इससे टीम पर काफी अच्छा असर पड़ेगा।' दुबई में ग्रुप ए का अंतिम मैच खेलने के बाद भारत और न्यूजीलैंड रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में फिर से आमने-सामने होंगे।

## महिला टेनिस खिलाड़ियों को अब सवैतनिक मातृत्व अवकाश

**वॉशिंगटन:** महिला टेनिस टूर पर गर्भवती खिलाड़ियों को अब बारह महीने का सवैतनिक मातृत्व अवकाश मिल सकता है और जो साथी गर्भावस्था, सरोगेसी या गोद लेने के माध्यम से माता-पिता बनते हैं, उन्हें सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष द्वारा प्रायोजित और डब्ल्यूटीए द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत वेतन के साथ दो महीने की छुट्टी मिल सकती है। डब्ल्यूटीए के सीईओ पोर्टिया आर्चर ने कहा ,'स्वतंत्र अनुबंध वाले और स्व-रोज़गार वाले व्यक्तियों को आम तौर पर इस प्रकार के मातृत्व लाभ उपलब्ध नहीं होते हैं। उन्हें अपने लिए उन लाभों का पता लगाना होता है। यह वास्तव में अनूठा और अभूतपूर्व है।' इस कोष से लाभ के लिये 300 से ज्यादा खिलाड़ी पात्र होंगे जो एक जनवरी से पूर्वव्यापी होगा। डब्ल्यूटीए ने यह नहीं बताया कि कितना पैसा इसमें मिलेगा। इसके तहत अंडाणु फ्रीज कराने और आईवीएफ जैसे प्रजनन उपचारों के लिये भी अनुदान मिलेगा। हाल ही में कई महिला खिलाड़ी मां बनने के बाद कोर्ट पर लौटी हैं मसलन तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेंचिच ने अक्टूबर में मातृत्च अवकाश से लौटने के बाद खिताब जीता।

## न्यूज अपडेट

### भारत के प्रणव वेंकटेश ने विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप जीती



**नयी दिल्ली:** भारत के प्रणव वेंकटेश ने शुक्रवार को मोंटेनेग्रो के पेट्रोवाक में 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया के मैटिक लेवरेंसिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप (अंडर-20) जीत ली। भारतीय शतरंज के लिए यह एक शानदार दिन रहा क्योंकि अरविंद चितंबरम ने कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर प्राग मास्टर्स जीत लिया। पिछले साल चेन्नई इंटरनेशनल में चैलेंजर्स वर्ग जीतने वाले वेंकटेश ने दुनिया के जूनियर खिलाड़ियों के बीच अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपराजित रहे। भारतीय खिलाड़ी ने कुल सात जीत और चार ड्रॉ के साथ संभावित 11 में से नौ अंक हासिल किए। जब अंतिम दौर की जोड़ियों की घोषणा की गई तो यह स्पष्ट था कि वेंकटेश के लिए ड्रॉ ही काफी होगा। महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने वेंकटेश की इस उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, 'विश्व जूनियर चैंपियन प्रणव वेंकटेश को बधाई। वह शानदार फॉर्म में हैं। वह लगातार अपने खेल का विश्लेषण करते हैं, सुझाव देते हैं और फीडबैक लेते हैं। आप विश्व जूनियर चैंपियंस की एक बहुत ही प्रतिष्ठित पंक्ति में शामिल हो गए हैं!'

### शुभमन गिल फरवरी के आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित




**दुबई:** पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल को ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स के साथ फरवरी के आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित किया गया है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज गिल ने फरवरी में खेले गए पांच वनडे मैच में 101.50 के औसत और 94.19 के स्ट्राइक-रेट से 406 रन बनाए। वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के साथ दुबई में हैं। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में गिल ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 87 (नागपुर में), 60 (कटक में) और 112 (अहमदाबाद में) रन बनाए। श्रृंखला में मेजबान टीम पर 3-0 की क्लीन स्वीप में उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। गिल ने फिर चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 101 रन बनाए और पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। भारत अब आईसीसी के इस टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को न्यूजीलैंड से खेलेगा।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा ( कलकत्ता-पूर्वांचल ) ट्रस्ट
होली स्नेह मिलन-2025
शनिवार, 8 मार्च 2025 सायं 6 बजे से
डिविनिटी पेवेलियन, गोलाघाटा, वीआईपी रोड, कोलकाता
ढप-धमाल • राजस्थानी संगीत • केशरिया ठण्डाई • स्वादिष्ट स्वरुचि भोज
समारोह अध्यक्ष : श्री सुजीत बोस ( दमकल मंत्री, प.बंगाल )
मुख्य अतिथि : श्री मनोज चौधरी ( सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी ) एवं श्री धर्मेंद्र डागा ( सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी )
विशिष्ट अतिथि : श्री भीखमचंद पुगलिया, श्री नगराज बरमेचा, श्री सुशील हीरावत, श्री सूर्यप्रकाश बैद, श्री राकेश नाहर
विशिष्ट सहयोगी : श्री जगत सिंह कोठारी, श्री माणक नाहटा, श्री विनोद दुगड़ श्री राजेश बैंगानी, श्री प्रमोद छाजेड़
विशेष आकर्षण
ज्ञानशाला के बच्चों व महिला मंडल की सांस्कृतिक प्रस्तुति
समस्त आंचलिक तेरापंथी समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
बाबूलाल गंध मुख्य न्यासी | संजय सिंघी अध्यक्ष | हनुमानमल दुगड़ निवर्तमान अध्यक्ष | कमल कुमार सुराणा, नरेंद्र छाजेड़ उपाध्यक्ष द्वय | पंकज डोसी मंत्री | आलोक बरमेचा सहमंत्री | जय सिंह बरड़िया कोषाध्यक्ष
राजीव बोथरा-संगठन मंत्री | तेजकरण बच्छावत, कन्हैयालाल कोठारी-संयोजक द्वय | समस्त न्यास मंडल, पंच मंडल, कार्यसमिति सदस्यगण
सहयोगी संस्थाएं : तेरापंथ महिला मंडल-पूर्वांचल, तेरापंथ युवक परिषद-पूर्वांचल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम-पूर्वांचल
सौजन्य : CITY BAZAAR MART

वर्ष 9, पूर्णांक 4170 अंक 320, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in